46 वीं वार्षिक प्रतिवेदन
2015 - 2016

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लि.
(भारत सरकार का उद्यम)

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत गंगा की स्वच्छता के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम

विषय–सूची

	पृष्ठ संख्या
निदेशक बोर्ड	3
संदर्भ सूचना	4
गत 5 वर्षों की वित्तीय स्थिति	5
अध्यक्ष का उद्‌बोधन	6
सूचना	9
निदेशकों की रिपोर्ट एवं उपाबंध	17
• प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	33
• निगम शासन पर रिपोर्ट	40
• निगम सामाजिक उत्तरदायित्व और भरणीयता रिपोर्ट	60
• संबंधित पक्षकारों के साथ कंपनी द्वारा की गई संविदाओं/ इन्तजामों जिसके अंतर्गत – (एओसी–2)	65
• वार्षिक रिटर्न का सार (एमजीटी 9)	66
• सचिवालयी लेखा परीक्षा रिपोर्ट और कंपनी का सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट का प्रत्युत्तर	75
स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	80
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और कंपनी का प्रत्युत्तर	90
वित्तीय विवरणियां	100
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	104
वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां	110
भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	132

मिशन / ध्येय

गुणवत्ता और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए एक अग्रणी अद्योपांत परियोजना निष्पादन कम्पनी बनाना, जो सतत् रूप से स्टेकहोल्डरों के मूल्य का वर्धन कर रही है।

उद्देश्य

1. नए कारबार क्षेत्रों में विस्तार करते हुए अपने सर्वाधिक लाभदायक क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए कारबार का अनुरक्षण करना।
2. मूल्य सृजन पर अनवरत ध्यान केंद्रित करते हुए अपवादित ग्राहक सेवा का परिदान करना।
3. गुणवत्ता और मार्जिन पर मजबूती से ध्यान केंद्रित करते हुए प्रचालन उत्कृष्टता का अनुसरण करना।

निदेशक बोर्ड

(46वीं एजीएम की दिनांक तक)

श्री एस पी एस बक्शी
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

श्री वीनू गोपाल
निदेशक (परियोजनाएं)

श्री आर. के. सिंह
अंशकालिक शासकीय निदेशक

श्री सिया शरन
अंशकालिक शासकीय निदेशक

डॉ. के. एस. राव
स्वतंत्र निदेशक

श्रीमती अनिता चौधरी
स्वतंत्र निदेशक

श्री सुशांत बालिगा
स्वतंत्र निदेशक

संदर्भ सूचना

पंजीकृत कार्यालय
कोर 3, स्कोप कॉम्प्लैक्स,
7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110 003
फोन नं : 91–11–24361666
फैक्स : 91–11–24363426
ई.मेलः epico@engineeringprojects.com
वेबसाइट: www.engineeringprojects.com

क्षेत्रीय कार्यालय
पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय – कोलकाता
50, चौरंगी रोड, (8वीं और 9वीं मंजिल),
कोलकाता–700 071
फोन : 91–33–22824426–27–29
फैक्स : 91–33–22824428
ई–मेल : ero@engineeringprojects.com

पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय–मुंबई
''बख्तावर'', 6ए, 6वां मंजिल,
नरीमन पांईट, मुंबई . 400 021
फोन : 91–22–22027585, 22026347
फैक्स : 91–22–22882177
ई–मेलः wromumbai@engineering
projects.com

उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय–दिल्ली
कोर– 3, दूसरा तल, स्कोप कॉम्प्लैक्स,
7 लोधी रोड, नई दिल्ली – 110 003
फोन : 91–11–24361666
फैक्स : 91–11–24368293
ई– मेलः nro@engineeringprojects.com

दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालय –चैन्नई
3 डी, ईस्ट कोस्ट चैम्बर्स,
92, जी.एन, चेट्टी रोड,
टी नगर, चैन्नई–600 017
फोन : 91–44–28156886, 28156421
फैक्स : 91–44–28156629
ई–मेलः sro@engineeringprojects.com

उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय
4 मंजिल, हिंदुस्तान टॉवर,
ब्लॉक–ए, जवाहर नगर, राष्ट्रीय
राजमार्ग संख्या 37, बेलटाला
गुवाहाटी–781022 (असम)
फोनः 0361–2133686
फैक्सः 0361–2223617
ई– मेलः neroguwahati@rediffmail.com
& neroguwahati@gmil.com

शिविर कार्यालय मस्कट
इंजीनियर– 3 परियोजना
सी/ओ इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया)
लिमिटेड –ओमान,
पोस्ट बॉक्स सं. 3251
डाक कोड : 112 आरयूडब्ल्यूआई
ओमान सल्तनत
ई–मेल आईडीः shamsher-singh
@engineeringprojects.com
फोन : +96891376103

श्रीलंका परियोजना
पाइप्स /वी / 10
49/38 सी, ऑफ टैम्पल रोड
कुरूमानकडू, वावुनिया, उत्तरी प्रांत श्रीलंका
पिन कोड : 43000
फोनः +94–24–2227423

सउदी अरेबिया कार्यालय
पी. ओ. बॉक्स–69983,
रियाद–11557
किंगडम ऑफ सउदी अरेबिया (केएसए)
फोन : +966–11–4884394
फैक्स : +966–11–4884394–एक्स–9
ई–मेल आईडीः
feroz.rehman@engineeringprojects.com

लेखा परीक्षक :
कानूनी लेखा परीक्षक
मैसर्स जी.एस.ए. एण्ड एसोसिएट,
लागत लेखा परीक्षक
चार्टर्ड अकाउंटेंट, 16, डीडीए फ्लैट्स,
भूतल पंचशील–शिवालिक मोड,
मालवीय नगर के पास,
नई दिल्ली–110017

शाखा लेखापरीक्षक
मैसर्स योगानंद एण्ड राम
चार्टर्ड अकाउंटेंट
जी –1, श्री विष्णु अपार्टमेंट
12, बारहवां क्रॉस स्ट्रीट
दंडीश्वरम नगर
वेलाचेरी, चैन्नई–600 042 तमिलनाडु

मैसर्स डी चक्रवर्ती एण्ड सेन
चार्टर्ड अकाउंटेंट
बीकानेर बिल्डिंग, पहला तल,
8– बी, लालबाजार स्ट्रीट
कोलकाता–700001 पश्चिम बंगाल

मैसर्स एबीएम एण्ड एसोसिएट्स
एलएलपी चार्टर्ड अकाउंटेंट
1, अभिषेक बिल्डिंग, बी–72/2,
सेक्टर 23, सीवुड्स, नेरूल,
नवी मुंबई–400706

मैसर्स आय्यर एण्ड कम्पनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
607, आकाशदीप 26–ए,
बाराखम्बा रोड नई दिल्ली–110001

विदेशी शाखा लेखापरीक्षक
शाखा लेखापरीक्षक श्रीलंका
मैसर्स जयसिंघे एण्ड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट, 94/12, कूरूलापोने
एवेन्यू, कोलंबो–05

शाखा लेखापरीक्षक ओमान
मैसर्स एमएचएमवाई लेखापरीक्षक
चार्टर्ड अकाउंटेंट, पी.ओ. बॉक्स . 385,
जिब्रू, पी. सी.–114, मस्कट
ओमान सल्तनत

लागत लेखापरीक्षक
मैसर्स ए.जी. अग्रवाल एण्ड एसोसिएट्स
लागत लेखाकार
IIबी/76, ऊषा विला, वैशाली,
गाजियाबाद, उ.प्र.–201010

सचिवालयी लेखापरीक्षक
मैसर्स विशाल अग्रवाल एण्ड एसोसिएट्स
39/2068, नाईवाला, 315, डाखा चैम्बर्स,
करोल बाग, नई दिल्ली–110005

बैंकर्स
इलाहाबाद बैंक
ऐक्सिस बैंक
बैंक ऑफ बड़ोदा
बैंक ऑफ इंडिया
केनरा बैंक
कॉर्पोरेशन बैंक
देना बैंक
एचडीएफसी बैंक
आईसीआईसीआई बैंक
आईडीबीआई बैंक
इंडियन ओवरसीज बैंक
इंडसइंड बैंक
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद
भारतीय स्टेट बैंक
सिंडिकेट बैंक

गत 5 वर्षों की वित्तीय स्थिति

(रुपये लाख में)

विशिष्टियां / वर्ष	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
क. परिचालन संबंधी सांख्यकीय					
टर्नओवर (प्रचालन आय)	90127.34	84060.96	85516.72	103,128.21	129,546.44
अन्य आय	3645.25	4443.17	3534.00	2,789.27	2,772.96
कुल आय (क)	93772.59	88504.13	89050.72	105,917.48	132,319.40
कुल व्यय (ख)	89416.13	84615.02	85398.78	100,991.01	127,805.15
सकल मार्जीन (क–ख)	4356.46	3889.11	3651.94	4,926.47	4514.25
ब्याज	647.45	631.76	942.11	706.15	580.93
अवक्षयण	72.53	91.89	99.30	99.62	114.15
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	3636.46	3165.46	2610.53	4,120.70	3,819.17
आय–कर	1189.75	1019.58	911.09	1,412.08	1364.55
कर पश्चात लाभ (पीएटी)	2446.71	2145.87	1699.44	2,708.62	2454.63
ऑपरेटिंग भंडार पर संक्रमणकालीन मूल्य–ह्रास प्रभाव	-	-	-	4.37	-
संदत्त लाभांश	708.45	708.45	708.45	708.45	1,081.55
लाभांश वितरण कर का भुगतान	114.93	120.40	120.40	144.22	220.18
आरक्षित और अधिक्य में अग्रणीत अधिशेष	1623.33	1243.62	862.73	1,851.58	1152.90
कर्मचारियों की संख्या	419	435	437	436	400
10/.रु. प्रत्येक के इक्विटी शेयरों की संख्या	35422688	35422688	35422688	35422688	35422688
ख. वित्तीय स्थिति					
शेयर पूंजी	3542.27	3542.27	3542.27	3,542.27	3,542.27
आरक्षित और अधिक्य (मुक्त आरक्षित)	14130.76	15374.37	16237.10	18,088.67	19,241.57
सीएसआर आरक्षित	-	76.98	7.86	-	-
निवल मूल्य (शेयरधारकों की निधि)	17673.03	18916.64	19779.37	21,630.94	22783.84
नियोजित पूंजी	17673.03	18916.64	19779.37	21,630.94	22783.84
ग. वित्तीय अनुपात					
प्रति कर्मचारी टर्नओर (लाख रुपये में)	215.10	194.14	195.69	236.53	323.87
सकल मार्जिन/टर्नओवर (%)	4.83	4.63	4.27	4.78	3.48
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)/टर्नओवर (%)	4.03	3.77	3.05	4.00	2.95
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)/निवल मूल्य (%)	20.58	16.73	13.20	19.05	16.76
कर पश्चात् लाभ (पीएटी)/निवल मूल्य (%)	13.84	11.34	8.59	12.52	10.77
संदत्त लाभांश/कर पूर्व लाभ (%)	19.48	22.38	27.14	17.19	28.32
संदत्त लाभांश/कर पश्चात् लाभ (पीएटी) (%)	28.96	33.01	41.69	26.16	44.06
आधारिक और तनुकृत इपीएस (रुपए में)	6.91	6.06	4.80	7.65	6.93
10/–रुपये प्रत्येक के अंकित मूल्य का प्रति शेयर एनएवी	49.89	53.40	55.84	61.07	64.32

अध्यक्ष का उद्‌बोधन

प्रिय शेयरधारको,

मुझे आपकी कंपनी की 46वीं वार्षिक साधारण बैठक में आपका स्वागत करते हुए हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। वर्ष 2015–16 के लिए 46वीं वार्षिक रिपोर्ट में निदेशकों की रिपोर्ट है, जिसके अंतर्गत प्रबंध चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट, निगम शासन पर रिपोर्ट, निगम सामाजिक उत्तरदायित्व और भारणीयता पर रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे, स्वतंत्र एवं सचिवालयी लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां सम्मिलित है, यह आपके सामने प्रस्तुत है।

औद्योगिक परिदृश्य :

औद्योगिक क्षेत्र देश में उच्चतर आर्थिक वृद्धि को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है। वर्ष 2015–16 वैश्विक उथल–पुथल वाले आर्थिक वातावरण का साक्ष्य रहा है। जिसमें मुख्य अर्थव्यवस्थाओं ने वृद्धि में कमी के संकेत प्रदर्शित किए हैं। तथापि भारतीय अर्थव्यवस्था उच्चतर वृद्धि दर के साथ सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आई है। विनिर्माण क्षेत्र इस उच्च वृद्धि दर को बनाए रखने में मुख्य अंशदाता रहा है। तथापि भारतीय अर्थव्यवस्था उच्च वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आई है। विनिर्माण सेक्टर इस वृद्धि दर को बनाए रखने में सबसे बड़ा अंशदाता रहा है। सरकार द्वारा औद्योगिक वृद्धि के लिए समर्थकारी वातावरण तैयार करने के लिए उठाए गए अनेक नीति उपायों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अंतः प्रवाह को बढ़ाने पर अपना प्रभाव प्रदर्शित करना आरंभ किया है, अवसंरचना में बेहतर प्रदर्शन देखा जा रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अवसंरचना क्षेत्र भी एक मुख्य केंद्र रहा है। यह क्षेत्र भारत के समग्र विकास को नोदित करने के लिए अत्याधिक उत्तरदाई है और ऐसी नीतियां तैयार करने के लिए जिन से देश में समयबद्ध रूप से विश्व स्तरीय अवसंरचना तैयार करने में नीतियां प्रारंभ करने के लिए सरकार का इस पर अत्याधिक ध्यान रहता है। मेक इन इंडिया, कारोबार करने में आसानी, स्टार्ट अप, इंडिया डिजिटल इंडिया और स्मार्ट शहर आदि जैसी महत्वपूर्ण पहलों से औद्योगिक क्षेत्र और उद्योगों को और प्रोत्साहन मिलेगा। इनसे देश में आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण प्रचालन होने की संभावना है। इन पहलों से अवसंरचना क्षेत्र को परिवर्तित करने में भी सहायता मिलेगी, जोकि अधिक वृद्धि दर को हासिल करने और बनाए रखने के लिए अनिवार्य है।

कारबार के अवसर :

कारबार का विस्तार करने के लिए कंपनी की भावी रणनीति वैश्विक बाजार पर ध्यान केंद्रित करने की होगी। जिसमें घरेलू बाजार की तुलना में लाभ का अच्छा मार्जिन रहता है। घरेलू बाजार जहां कठोर प्रतिस्पर्धा के कारण लाभ नगण्य रूप से दो से तीन प्रतिशत होता है। ओमान और श्रीलंका के अतिरिक्त जहां कंपनी की पहले से ही उपस्थिति है, कंपनी ने सऊदी अरब में अपना कार्यालय स्थापित कर लिया है और अपने विपणन कार्यकलापों को आरंभ कर दिया है। अफ्रीकन देशों मलेशिया, कुवैत, दुबई, बांग्लादेश, नेपाल, म्यानमार, आदि में, अवसरों की तलाश की जा रही है। कंपनी विकासशील और मध्य–पूर्व के देशों में रियल एस्टेट और अवसंरचना क्षेत्र में अवसरों को हासिल करने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

आपकी कंपनी स्मार्ट शहरों परियोजनाओं, सड़क परियोजनाओं, बड़े/छोटे बंदरगाह (अंतर्देशीय जलमार्ग), हवाई अड्डा परियोजनाओं, रेलवे कार्य, एमआरटीएस, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं आदि में उत्पन्न होने वाले अवसरों को हासिल करने के लिए प्रयास कर रही है।

विपणन पहलें :

आपकी कंपनी एक लंबे अंतराल के बाद विदेशी बाजारों में पुनः प्रविष्ट हुई है और इसने ओमान, श्रीलंका आदि में विदेशी परियोजनाएं प्राप्त की है तथा मलेशिया, बांग्लादेश, सऊदी अरब, कुवैत और अफ्रीकन देशों में कारबार हासिल करने के लिए और अधिक प्रयास किए जा रहे हैं। आपकी कंपनी स्मार्ट शहरों, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, शहरी अवसंरचना, सीमा प्रबंधन, सड़क और रेलवे क्षेत्र की परियोजनाओं में भारत के साथ–साथ विदेशों में उद्भूत होने वाले अवसरों को हासिल करने के लिए भी प्रयास कर रही है।

भारत सरकार की विभिन्न पहलों नीतियों जैसे विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, मेक इन इंडिया आदि को ध्यान में रखते हुए आपकी कंपनी अवसंरचना विकास क्षेत्र में कार्य हासिल करने के लिए समुचित निकायों के साथ समझौता ज्ञापनों में प्रविष्ट हुई है/हो रही है।

कार्य–निष्पादन की मुख्य विशेषताएं :

वर्ष 2015–16 के दौरान आपकी कंपनी ने भारत और विदेश (ओमान परियोजना चरण-II) में 4012 करोड़ रुपए मूल्य की परियोजनाएं हासिल की। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि, चालू वर्ष की आदेश पुस्तिका में आदेशों की संख्या में पूर्ववर्ती वर्षों की आदेश पुस्तिका की तुलना में दोगुनी हो गई है। अधिक से अधिक परियोजना प्रबंधन सलाह संविदांओं को हासिल करने पर ध्यान दिया जा रहा है। आपकी कंपनी पहले ही विशेषज्ञ परियोजनाओं अर्थात् धातु विज्ञान और सामग्री हस्तालन, के क्षेत्र में भिलाई इस्पात संयंत्र, बिहार में दूध उत्पादन और पशु चारा, सड़क फ्लाईओवर परियोजना देहरादून का निष्पादन कर रही है। आपकी कंपनी स्वच्छ गंगा अभियान (एनएमसीजी), जल संसाधन मंत्रालय, नदी विकास और गंगा पुनरुद्धार के अधीन पश्चिम बंगाल राज्य में महत्वपूर्ण गंगा परियोजना का भी निष्पादन कर रही है। मुझे विश्वास है कि, कंपनी भिन्न क्षेत्रों में पदार्पण कर नए कारबार के क्षेत्रों में प्रविष्ट होने के माध्यम से और वृद्धि करेगी।

वित्तीय विशेषताएं :

मुझे यह कथन करते हुए गर्व हो रहा है कि, वर्ष 2015–16 में कंपनी की कुल आय 1323.19 करोड़ रुपए पूर्व वर्ष की तुलना में अधिक है। आपकी कंपनी ने 1,29,546 लाख रुपए का प्रचालन आवर्त हासिल किया है, जो पूर्व वर्ष की तुलना में 25.62 प्रतिशत वृद्धि है, जो कि वर्ष 2005–06 के पश्चात से सबसे अधिक वृद्धि रही है।

प्रचालन विशेषताएं :

वर्ष 2015–16 के दौरान 'औद्योगिक प्रसंस्करण संयंत्र, सामग्री हस्तालन और विद्युत सीमा प्रबंधन परियोजना' क्षेत्र कंपनी के कुल आवर्त में सबसे बड़ा भागीदार (57.20 प्रतिशत) रहा इसके पश्चात आवास एवं भवन संकर्म रहा, जिसका प्रतिशत भाग बढ़कर 35.67 प्रतिशत हो गया। पिछले वर्षों में कंपनी ने अपना ध्यान 'औद्योगिक प्रक्रिया संयंत्र सामग्री हस्तालन और प्रौद्योगिकीय परियोजना' सेगमेंट पर अंतरित किया जो एक विशेषीकृत क्षेत्र में ध्यान केंद्रित करने के कंपनी के प्रयासों को दर्शाता है।

आपकी कंपनी ने 1295.46 करोड़ रुपए का ऊंचा प्रचालन आवर्त हासिल किया, जिसमें 797.69 करोड़ (61.58 प्रतिशत) घरेलू परियोजनाओं से और 497.78 करोड़ (38.42%) विदेशी परियोजनाओं (अर्थात् ओमान एवं श्रीलंका परियोजनाएं) से हैं।

समझोता ज्ञापन के अधीन कार्य निष्पादन :

वर्ष 2014–15 के लिए सरकार के साथ कंपनी द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के निबंधनों में लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा कंपनी के कार्य निष्पादन को ''बहुत अच्छा'' रेटिंग प्रदान की गई है।

लाभांश :

आपके निदेशकों ने वर्ष 2014–15 में प्रति शेयर दो रुपए के की तुलना में वर्ष 2015–16 में 3.05 रुपए प्रति शेयर (पूर्णांकित) के लाभांश की सिफारिश की है।

मानव संसाधन :

आपकी कंपनी अपने मानव संसाधनों जिसके अंतर्गत अल्पसंख्यक और महिला कर्मचारी भी हैं, के विकास पर उन्हें इन हाऊस प्रशिक्षण कार्यक्रमों सेमिनारों और कार्यशालाओं के लिए नाम निर्दिष्ट कर उनके विकास पर ध्यान केंद्रित करती है ताकि, विभिन्न स्तरों पर तकनीकी संचार और वैयक्तिक कौशलों की वृद्धि हो सके। आपकी कंपनी विद्यमान जनशक्ति को प्रतिधारित करने के लिए सभी प्रयास करती है।

निगम शासन :

आपकी कंपनी दृढ़तापूर्वक यह विश्वास करती है कि, अच्छा निगम शासन प्रभावी और बुद्धिमत्ता पूर्वक प्रबंधन को सुकर बनाता है, जो कंपनी को चिरकालिक सफलता प्रदान कर सकता है। कंपनी का पारदर्शिता का सुनिश्चित करने के लिए एक वर्क्स मेनुअल और लेखा परीक्षा मैनुअल है। कंपनी सतत् रूप से लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी निगम शासन पर मार्गदर्शक सिद्धांतों की अपेक्षाओं का अनुपालन कर रही है।

निगम सामाजिक उत्तरदायित्व और भरणीयता :

आपकी कंपनी पारस्परिक विश्वास और आदर द्वारा परियोजना स्थल में और उसके आसपास लोगों के जीवन स्तर में वृद्धि करके सकारात्मक और चिरकालिक सामाजिक प्रभाव का सृजन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वर्ष 2015–16 के दौरान, आपकी कंपनी ने स्वच्छ विद्यालय अभियान के अधीन असम और पश्चिम बंगाल राज्य में निर्मित 10 शौचालयों के अनुरक्षण का कार्य हाथ में लिया है और वैदिककुंडा ग्राम आंध्र प्रदेश में सुरक्षित पेयजल के लिए आरओ संयंत्र उपलब्ध कराया है, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश में आरओ संयंत्र और सौर प्रकाश उपलब्ध कराया है। आने वाले वर्ष के लिए कार्यकलापों का ब्यौरा देते हुए एक रिपोर्ट निवेशकों की रिपोर्ट के साथ उपाबंध के रूप में उपाबद्ध है।

अभिस्वीकृति :

मैं, निदेशक बोर्ड और स्वयं की ओर से, कर्मचारियों की उत्कृष्ट प्रतिबद्धता और मेहनत के लिए प्रशंसा को अभिलेख पर रखना चाहता हूं, जिनके सत्यनिष्ठ और सतत् प्रयासों के बिना उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त नहीं होते, मैं बोर्ड के सदस्यों, भारत सरकार और विशेषकर भारी उद्योग विभाग अन्य सरकारी विभागों, शेयरधारकों, कानूनी लेखा परीक्षकों एवं अन्य लेखा परीक्षकों, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक कारबार सहयोगियों और बैंकों से प्राप्त सतत् सहायता और मार्गदर्शन के लिए भी आभारी हूं। मैं अभिलेख पर अपने आदरणीय ग्राहकों, कारबार सहयोगियों और बैंकों के प्रति निष्ठापूर्वक धन्यवाद रखना चाहता हूं। जिन्होंने आपकी कंपनी में फिर से अपने विश्वास को रखा है। हम भविष्य में और अधिक सफलता के लिए सभी प्रयास करते हैं, के साथ ही हमें अपने पणधारियों के पूर्ण समर्थन का विश्वास भी है।

ह0/–
(एस पी एस बक्शी)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 02548430

स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 30 सितम्बर, 2016

सूचना

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि, 46वीं वार्षिक साधारण बैठक शुक्रवार दिनांक 30 सितम्बर, 2016 को 11.30 बजे पूर्वाह्न उसके रजिस्ट्रीकृत और निगम कार्यालय, कोर–3, स्कोप कॉम्पलैक्स, (चौथा तल), 7 लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 में निम्नलिखित कारबार का संव्यवहार करने के लिए आयोजित की जाएगी।

साधारण कारबार :

1. 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निदेशक बोर्ड और उस पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के साथ कंपनी की संपरीक्षित वित्तीय विवरणियों को प्राप्त करना, विचार करना और अंगीकृत करना तथा उपांतरणों सहित या उसके बिना निम्नलिखित संकल्प पारित करना :

   ''यह संकल्प करते हैं कि, 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय विवरणियां और 31 मार्च, 2016 को समाप्ति हुए वर्ष के लिए लाभ और हानि लेखा के साथ टिप्पणियां और उपाबंध तथा उनपर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और अपने उपबंधों के साथ निदेशकों की रिपोर्ट जिसके अंतर्गत प्रबंध चर्चा तथा विश्लेषण रिपोर्ट, निगम शासन पर रिपोर्ट एवं निगम सामाजिक दायित्व और भरणीय रिपोर्ट, सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट, वार्षिक रिटर्न का सार (एमजीटी–9) प्ररूप, संबंधित पक्षकारों के साथ कंपनी द्वारा की गई संविदाओं/इन्तजामों की विशिष्टियों के प्रकटन के लिए एओसी–2 जैसाकि बैठक के समक्ष अधिकथित है एतद्द्वारा अनुमोदित तथा अंगीकृत किया जाता हैं।''

2. वित्त वर्ष 2015–16 के लिए साम्या शेयरों पर लाभांश की घोषणा करना और उपांतरणों के साथ यह उसके बिना निम्नालिखित संकल्प पारित करना :

   ''**संकल्प करते हैं कि** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123 के अनुसरण में वर्ष 2015–16 के लिए @ 3.05 रुपए प्रति शेयर की दर से लाभांश 10.82 करोड़ रुपए होता है, जोकि 31.03.2015 की स्थिति के अनुसार 216.31 करोड़ रुपए की शुद्ध आवर्त रकम का 5 प्रतिशत है की उन शेयर धारकों के पक्ष में घोषणा की जाती है जिनका नाम वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) की तारीख को सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है।''

विशेष कारबार :

3. 5 सितम्बर, 2016 को आयोजित निदेशक बोर्ड की 249 बैठक में यथा अनुमोदित वित्त वर्ष 2016–17 के लिए लागत लेखा परीक्षक के पारिश्रमिक का अनुसमर्थन करना (लेखा परीक्षा समिति द्वारा यथा अनुशंसित) और इस संबंध में विचार करना तथा उचित पाए जाने पर साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पारित करना :

   ''**संकल्प करते हैं कि** कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 14 के साथ पाठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के उपबंधों के अनुसरण में 59,940/– (उनसठ हजार नौ सौ चालीस रुपए मात्र) धन लागू सेवा कर, जिसके अंतर्गत परिवहन भत्ता/महंगाई भत्ता तथा जेबी व्यय नहीं है, को वास्तविक के आधार पर लेखा परीक्षा समिति द्वारा यथा अनुशंसित और निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र से बाहर के भ्रमणों पर मैसर्स ए. जी. अग्रवाल एण्ड एसोसिएट्स को वित्त

वर्ष 2016–17 के लिए लागत लेखा परीक्षक के रूप में संदत्त किया जाएगा और इसका एतद्वारा अनुसमर्थन तथा पुष्टि की जाती है।''

4. ईपीआई के संगम ज्ञापन में संशोधन

ईपीआई के संगम ज्ञापन का कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार संसोधन/परिवर्तन करना और खंड 3 (क) की क्रम संख्या 5 के पश्चात निदेशक बोर्ड की 2 जनवरी 2016 को आयोजित 244 बैठक में यथा अनुमोदित चार मुख्य उद्देश्यों को जोड़ना और इस संबंध में विचार करना तथा उचित पाए जाने पर विशेष संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पारित करना :

"संकल्प करते हैं कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के उपबंधों के अनुसरण में और अन्य लागू उपबंध, यदि कोई हो, (जिसके अंतर्गत उनका कानूनी उपांतरण या तत्सम प्रवृत्त उनका कोई अधिनियमितीकरण भी है) और उसके अधीन विरचित नियमों के अनुसरण में, कंपनी के सदस्यों की सहमति है और एतद्वारा दी जाती है कि कंपनी के संगम ज्ञापन के खंड 3 (क) की क्रम संख्या 5 के पश्चात क्रम संख्या 6, क्रम संख्या 7, क्रम संख्या 8 और क्रम संख्या 9 जोड़ी जाए:

6. कोयला, कोयला भस्म, लौह–अयस्क, प्राकृतिक गैस, कच्चा तेल, पाम आयल, खनिज तेल आदि सामग्रियों के उपापन/निर्यात और विक्रय के लिए सौदागरों, ठेकेदारों, अभिकर्ताओं, आयातकों, निर्यातकों, फैक्टरों, भंडागारकर्ता का कारबार करना।

7. पहले से ही प्रचालन कर रही परियोजना भवनों और जो सरकार राज्य सरकार सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम सरकारी और राज्य प्राधिकरणों के स्वामित्व में हैं, की बड़ी नव संरचना परियोजनाओं के लिए अनुरक्षण/अनुरक्षण सेवाएं प्रदान करना।

8. उपापन, आपूर्ति, प्रतिष्ठापन, औद्योगिक और वाणिज्यिक सुरक्षा प्रणालियों को चालू करना, सीमा प्रबंधन परियोजनाओं, रेलवे संकर्मों के लिए उपस्कर, यंत्रों, केबलों, संचार, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी उपस्कर और साधित्र, सुरक्षा कैमरे, नाइट विजन कैमरा संवेदक केबल, निगरानी/सुरक्षा प्रणालियां, स्मार्ट शहर शहरों के लिए नगर/टाउनशिप परियोजनाएं जैसे कि जल प्रबंधन आदि, जैसे कि, परमाणु स्थापना, विद्युत, सिविल, रिफाइनरी, विमानपत्तन और अन्य अवसंरचना कार्यकलाप, मॉल, होटल भवन और अनुरक्षण सेवाएं, सौर विद्युत उपस्कर, तथा यथा वर्णित पूर्वोक्त उपस्करों का प्रतिस्थापन, एकीकरण और चालू करना।

9. संनिर्माण/परियोजना/आईटी अवसंरचना से सम्बद्ध एकीकृत सॉफ्टवेयर प्रणालियों जिसके अंतर्गत कंप्यूटर सॉफ्टवेयर पैकेज, ई–गवर्नेंस कार्यक्रम और समाधान, उपग्रह आधारित निगरानी और सर्वेक्षण प्रणालियां, यातायात प्रबंधन/सिग्नल प्रसंस्करण प्रणाली से संबंधित संनिर्माण का पूरा किया जाना है और विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक संघटकों का उपानन/प्रतिष्ठापन करने के लिए जिसके अंतर्गत भारत और विदेशों में प्रशीतन प्रणाली, लैंन, वैन है जो डाटा केंद्र, प्रौद्योगिकी निष्पादन पार्कों/ई–गवर्नेंस/स्मार्ट सिटी/स्मार्ट ग्राम परियोजनाएं एकीकृत सेवाओं को पूरा करने के लिए अपेक्षित हैं।

''यह और संकल्प करते हैं कि संगम ज्ञापन के खंड 3ग का खंड 3 ख के साथ आवेदन कर लिया जाए और खंड 3 ग का क्रम संख्या 1 से 47 को खंड 3 ख के क्रम संख्या 5 के पश्चात अंतःस्थापित किया जाए और तद्नुसार पुनःसंख्याकित किया जाए अर्थात् क्रम संख्या 6 से क्रम संख्या 52।''

''यह और संकल्प करते हैं कि कंपनी के निदेशक/कंपनी के कंपनी सचिव को पृथक रूप से ऐसे सभी विलेख और कारवाई करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है जो संकल्प को प्रभावी करने के लिए उचित और समीचीन हों।''

निदेशक बोर्ड के आदेश द्वारा

ह0/–
(सुधा वी. वरदन)
कंपनी सचिव
ईमेल–v.sudha@engineeringprojects.com

तारीख : 05 सितम्बर, 2016
स्थान : नई दिल्ली

टिप्पणियां :

1. बैठक में भाग लेने और मत देने के लिए पात्र कंपनी का कोई सदस्य उसके द्वारा लिखित में सम्यक्त : हस्ताक्षरित प्रॉक्सी को उसके स्थान पर भाग लेने और मत देने के लिए नियुक्त करने का हकदार है और प्रॉक्सी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। प्रॉक्सी के वैध और प्रभावी होने के लिए यह आवश्यक है कि, उसे कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में सम्यतः भरा हुआ, स्टैम्प लगाया हुआ और हस्ताक्षरित रूप में बैठक के प्रारंभ होने से कम से कम 48 घंटे पूर्व उसका परिदान कर दिया जाए। प्रॉक्सी का प्रारूप उपाबद्ध है।

2. निगमित सदस्यों को बोर्ड के संकल्प की सम्यतः अधिप्रमाणित प्रति भेजने का अनुरोध किया जाता है, जो बैठक में भाग लेने और उनकी ओर से मतदान देने के लिए उनके प्रतिनिधित्व को प्राधिकृत करे।

3. कंपनी अधिनियम, 2013 के उपबंधों के अनुसार, कोई व्यक्ति पचास से अनाधिक सदस्यों के निमित प्रॉक्सी के रूप में कार्य कर सकता है, जो कंपनी की कुल शेयर पूंजी का 10 प्रतिशत से अधिक धारण न कर रहे हों। कंपनी की कुल शेयर पूंजी के 10 प्रतिशत से अधिक को धारण करने वाला कोई सदस्य किसी एक व्यक्ति को प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त कर सकता है और ऐसा कोई व्यक्ति अन्य् किसी व्यक्ति के लिए या सदस्य के लिए प्रॉक्सी के रूप में कार्य नहीं करेगा (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105)। कोई प्रॉक्सी/प्ररूप जिसमें प्रॉक्सी के नाम का कथन नहीं है या तारीख रहित है को विधि मान्य नहीं समझा जाएगा साधारण बैठकों के सचिवालयी मानक (एसएस–2),।

4. प्रतिलिपि में नामनिर्देशन प्रारूप इसके साथ उपाबद्ध है। यह अनुरोध किया जाता है कि, कंपनी के सभी सदस्य उसे सम्यक्ता भरकर, हस्ताक्षर करके और स्टैम्प लगा कर वापस कर दें (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 113)।

5. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी हरित पहल पर परिपत्र संख्या दिनांक 21 अप्रैल 2011 और परिपत्र संख्या दिनांक 29 अप्रैल 2011 के अनुसरण में भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि, वह अपने ई–मेल पते को कंपनी रजिस्टर एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता (आरटीए) के पास रजिस्टर करें। इसमें किन्हीं परिवर्तनों की सूचना समय–समय पर हमें भी दी जा सकती है, ताकि कंपनी सूचना/दस्तावेजों की ई–मेल के माध्यम से शामिल करने में समर्थ हो सके।

6. वार्षिक साधारण बैठक के स्थान को उपदर्शित करते हुए मार्ग का मानचित्र इस सूचना के अंत में दिया गया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुसरण में मद संख्या 3 एवं 4 के संबंध में जैसा कि ऊपर अधिकथित है इस सूचना का भाग है।

मद संख्या 3 : लागत लेखाकार के पारिश्रमिक का अनुसमर्थन

बोर्ड ने लेखापरीक्षा समिति की सिफारिश पर मैसर्स ए जी अग्रवाल एण्ड एसोसिएट्स को कंपनी के वित्त वर्ष 2016–17 के लिए लागत अभिलेखों का लेखा परीक्षण संचालित करने के लिए 59,940/–रुपए (उनसठ हजार नौ सौ चालीस रुपए मात्र) धन लागू कर पर जिसके अंतर्गत परिवहन भत्ता/मंहगाई भत्ता नहीं है और जेबी व्यय जो दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर वास्तविक भ्रमणों के आधार पर संदत्त किए जाएंगे, नियुक्त किया है। कम्पनी अधिनियम 2013 के साथ पठित कंपनी (संपरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम की धारा 148 के उपबंधों के अनुसरण में लागत लेखापरीक्षकों को सदत्त पारिश्रमिक का कंपनी के सदस्यों द्वारा अनुसमर्थन किया जाना होता है। तद्नुसार, सूचना की मद 3 का संकल्प कंपनी के सदस्यों द्वारा अनुमोदन और अनुसमर्थन के लिए साधारण संकल्प के रूप में अधिकथित है।

कोई भी निदेशक या कंपनी का प्रबंधकीय कार्मिक या उनके नातेदार किसी भी रूप में वित्तीय या अन्यथा मद संख्या 3 में अधिकथित संकल्प से संबंधित या अन्यथा हितबद्ध नहीं हैं।

मद संख्या 4 : ईपीआई के संगम ज्ञापन का संशोधन

कंपनी रेलवे के क्षेत्र में अपने और प्रचालनों का विस्तार करने का प्रस्ताव रखती है और वांछा करती है तथा अवसंरचना उद्योग को एण्ड टू एण्ड आई टी समाधान प्रदानकर्ता होने की भी वांछा रखती है। इसके अतिरिक्त कंपनी अधिनियम 2013 के अधिनियमितीकरण के कारण, कंपनी द्वारा उसके संगम अनुच्छेद को कंपनी अधिनियम 2013 के उपबंधों के अनुसार करने की भी अपेक्षा है। तद्नुसार निदेशक बोर्ड ने 2 जनवरी 2016 को आयोजित अपनी 244वीं बैठक में ईपीआई के संगम अनुच्छेद कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार संशोधित/परिवर्तित करने का और संगम ज्ञापन के खंड 3(क) के क्रम संख्या 5 के पश्चात चार मुख्य उद्देश्यों को जोड़ने का अनुमोदन प्रदान कर दिया है। निदेशक बोर्ड ने 5 सितंबर 2016 को आयोजित अपनी बैठक में संगम ज्ञापन के परिवर्तित उदेश्य खंड को भी अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है। परिवर्तित/संशोधित संगम ज्ञापन **उपाबंध 1** पर है।

कंपनी अधिनियम 2013 के तद्धीन बनाए गए नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम की धारा 13 के उपबंधों के अनुसार कोई कंपनी शेयरधारकों की वार्षिक बैठक में पारित विशेष संकल्प द्वारा संगम ज्ञापन परिवर्तित कर सकती है। तद्नुसार सूचना की मद संख्या 4 पर संकल्प कंपनी के सदस्यों द्वारा अनुमोदन के लिए विशेष संकल्प के रुप में रखा गया है।

कोई भी निदेशक या कंपनी का प्रबंधकीय कार्मिक या उनके नातेदार किसी भी रूप में वित्तीय या अन्यथा मद संख्या 4 में अधिकथित संकल्प से संबंधित या अन्यथा हितबद्ध नहीं हैं।

सेवा में :

1. ईपीआई के सभी शेयर धारक

2. मैसर्स जी एस ए एवं एसोसिएट्स, प्राधिकृत लेखा परीक्षक,
16 डीडीए फ्लैट, भूतल, पंचशील शिवालिक मोड,
मालवीय नगर के पास, नई दिल्ली–110017

3. मैसर्स विशाल अग्रवाल एण्ड एसोसिएट्स (कम्पनी सचिव)
सचिवालयी लेखा परीक्षक, ईपीआई
39/2068, नाईवाला, 315, ढाका चैम्बर्स
करोल बाग, नई दिल्ली–110005

4. ईपीआई के सभी निदेशकों

प्रतिलिपि :

1. सचिव, भारत सरकार, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय,
भारी उद्योग विभाग, उद्योग भवन, नई दिल्ली–110001

निदेशक बोर्ड के आदेश द्वारा

ह0/–
(सुधा वी. वरदन)
कंपनी सचिव
ई–मेल–v.sudha@engineeringprojects.com

तारीख : 05 सितम्बर, 2016
स्थान : नई दिल्ली



नामनिर्देशन प्ररूप :

सेवा में

कंपनी सचिव,
इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड,
सीआईएन : यू 27109 डीएल 1970 जीओआई 117585,
कोर–3 स्कोप कॉम्पलैक्स,
7, लोधी रोड़,
नई दिल्ली –110003

प्रिय महोदय/महोदया,

मैं श्री/श्रीमती.....

(नाम)

.....

(पदनाम)

को मेरा प्रतिनिधित्व करने के लिए 30 सितम्बर, 2016 को आयोजित की जाने वाली ईपीआई के शेयरधारकों की 46वीं वार्षिक साधारण बैठक (और उसकी कोई अन्य स्थगित बैठक) में नामनिर्दिष्ट करता हूं।

धन्यवाद,

भवदीय

ह0/–
पदनाम
मुहर और मुद्रा

स्थान :
तारीख :

प्ररूप संख्या एमजीटी – 11 प्रॉक्सी प्ररूप

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105(6) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 19(3) के अनुसरण में,

सी आई एन :

कंपनी का नाम :

रजिस्ट्रीकृत कार्यालय :

सदस्य(यों) का नाम	:
रजिस्ट्रीकृत पता	:
ई–मेल आईडी	:
फोलियो संख्या/ग्राहक पहचान	:
डीपी पहचान	:

मैं/हम पूर्वोक्त कंपनी के.....शेयरों के सदस्य होने के नाते निम्नलिखित को नियुक्त करते हैं :

1. नाम : .....
   पता : .....
   ई–मेल आईडी : .....
   हस्ताक्षर : ....., या उनके न होने पर

2. नाम : .....
   पता : .....
   ई–मेल आईडी : .....
   हस्ताक्षर : ....., या उनके न होने पर

3. नाम : .....
   पता : .....
   ई–मेल आईडी : .....
   हस्ताक्षर : .....

को मेरे/हमारे प्रॉक्सी– के रूप में मेरे/हमारे निमित्त भाग लेने के लिए और मत देने के लिए (मतदान होने पर) कंपनी की ..... को ..... बजे .....को आयोजित बैठक में या उसके किसी स्थगन में जिसकी बाबत ऐसे संकल्पों में जैसाकि नीचे उपदर्शित किया गया है, नियुक्त करते हैं :

संकल्प संख्या

1. .....
2. .....
3. .....

तारीख : ..... 20..... को हस्ताक्षरित

राजस्व टिकट लगाएं

शेयरधारक के हस्ताक्षर

प्रॉक्सी धारक(कों) के हस्ताक्षर

टिप्पणः इस प्रॉक्सी के प्रभावी होने के लिए उसे सम्यक्ता भरकर कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में बैठक के प्रारंभ होने के कम से कम 48 घंटे पूर्व जमा किया जाना चाहिए।

उपस्थिति पर्ची

46वीं वार्षिक साधारण बैठक, शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2016 को 11.30 बजे पूर्वाह्न

धृत शेयरों का रजिस्ट्रीकृत फोलियो संख्या .....डीपी पहचान.....ग्राहक पहचान/फायदाग्राही खाता संख्या. ..... आयोजित शेयरों की संख्या.....

मैं, प्रमाणित करता हूं कि, मैं कंपनी का रजिस्ट्रीकृत शेयरधारक हूं/कंपनी के रजिस्ट्रीकृत शेयरधारक की प्रॉक्सी हूं और एतद्वारा 46वीं वार्षिक साधारण बैठक, शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2016 को 11.30 बजे पूर्वाह्न, कोर 3, स्कोप कॉम्पलैक्स, चौथा तल, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 में अपनी उपस्थिति अभिलिखित करता हूं।

.....

.....

सदस्यों/प्रॉक्सी का स्पष्ट अक्षरों में नाम **सदस्यों/प्रॉक्सी के हस्ताक्षर**

टिप्पण : कृपया इस उपस्थिति पर्ची को भरें और हॉल के प्रवेश द्वार पर सौंप दें।

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यों,

आपके निदेशकों को वित्त वर्ष 2015–16 के दौरान कंपनी के कार्यनिष्पादन पर 46वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है।

1. वित्तीय विशेषताएं

वर्ष 2015–16 के दौरान कंपनी का पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान प्राप्त 1,03,128 लाख रूपए के आवर्त की तुलना में आवर्त 1,29,546 लाख रुपए रहा जिसमें पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 25.62 प्रतिशत वृद्धि हुई है। कर से पूर्व (पीबीटी) अर्जित लाभ इस अवधि के दौरान वर्ष 2014–15 में अर्जित 4,121 लाख रूपए की तुलना में 3,819 लाख रुपए रहा जो पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 7.33 प्रतिशत कम है।

वर्ष 2015–16 के दौरान पूर्ववर्ती वर्ष में तत्स्थानी के साथ आपकी कंपनी की वित्तीय विशेषताएं नीचे दिए अनुसार हैं :

(लाख रुपए में)

क्रम सं.	विवरण	2015–16	2014–15
1	प्रचालन आवर्त	1,29,546	1,03,128
2	अन्य आय	2,773	2,670
3	कुल आय	1,32,319	1,05,798
4	समग्र मार्जिन	4,514	4,926
5	संदत्तम ब्याज	581	706
6	अवक्षयण	114	99
7	कर से पूर्व लाभ	3,819	4,121
8	कर	1,364	1,412
9	कर के पश्चात लाभ	2,455	2,709
10	निबल मूल्य	22,784	21,631

कंपनी का निबल मूल्य 21,631 लाख रुपए से बढ़कर 22,784 लाख रुपए हो गया जिसमें पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 5.33 प्रतिशत वृद्धि है। वर्ष 2015–16 में नियोजित पूंजी पर रिटर्न 19.31 प्रतिशत है जोकि वर्ष 2014–15 में 22.32 प्रतिशत थी।

आवर्त – घरेलू एवं विदेशी



2. पूंजी ढांचा

कंपनी की प्राधिकृत और संदत्त शेयर पूंजी क्रमशः 909.40 करोड़ रुपए (जिसे 10 रुपए प्रत्येक के 909,404,600 सम्यक शेयरों में विभाजित किया गया है) और 35.42 करोड़ रुपए (जिसे 10 रुपए प्रत्येक के 35,422,688 साम्य शेयरों में विभाजित किया गया है)।



3. लाभांश एवं आरक्षितियां

आपके निदेशकों ने वर्ष 2015–16 के लिए प्रत्येक शेयर पर 3.05 रुपए के लाभांश की सिफारिश की है, जोकि वित्त वर्ष 2014–15 शुद्ध आवर्त का 5 प्रतिशत है। लाभांश का संदाय कंपनी की वार्षिक साधारण बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के पश्चात किया जाएगा। वर्ष 2015–16 के दौरान लाभांश और लाभांश वितरण के लेखे कुल व्यय क्रमशः 1082 लाख रुपए और 220 लाख रुपए होगा।



श्री अनंत जी गीते, माननीय मंत्री भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम वर्ष 2015–16 के लिए अंतिम लाभांश चेक प्राप्त करते हुए

आपके निदेशक 200 लाख रुपए की रकम को कंपनी की साधारण आरक्षिति में अंतरित करने का और शेष लाभ को अग्रणीत करने का प्रस्ताव करते हैं।

तद्नुसार, 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार आरक्षितियों एवं अधिशेष लेखे में शेष रकम 19,242 लाख रुपए है।

4. विपणन उपलब्धियां

वित्त वर्ष 2015–16 के दौरान कंपनी ने 4012 करोड़ रुपए की परियोजनाएं प्राप्त की। प्राप्त की गई कुछ मुख्य परियोजनाएं नीचे दी गई हैं :

क्रम सं.	परियोजना का नाम और स्थान	ग्राहक	मूल्य (रुपए करोड़ में)
विदेश में			
1.	इंजीनियर–3 परियोजना (चरण–II). ओमान	ओमान सल्तनत	3004.24 (470 मिलियन अमरीकी डालर)
घरेलू			
1.	तकनीकी सेवाएं प्रदान और एपी मार्कफेड कार्यों का विजयवाड़ा, काकीनाडा, मछलीपट्टनम और अनंतपुरा में संनिर्माण का पर्यवेक्षण।	आंध्र प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (एपी मार्कफेड)।	393.30
2.	वार्षिक 100 एमबीबीएस दाखिले के लिए आयुर्विज्ञान महाविद्यालय परिसर के संनिर्माण के लिए पीएमसी और सरकारी जिला अस्पताल, बाड़मेर का उन्नयन।	आयुर्विज्ञान शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।	200.40
3.,	ओटीपीसी के पालटाना, उदयपुर, त्रिपुरा में 2x363.3 मेगावॉट गैस आधारित संयुक्त चक्र विद्युत संयंत्र के लिए खिलपाडा टाउनशिप का निर्माण।	ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली।	106.00
4.	कार्यालयों के लिए प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत कार्य केन्द्रों और अन्य भवनों का डिज़ाइन एवं निर्माण और एलिम्को, कानपुर में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र और उज्जैन में सहायक उत्पादन इकाई के निर्माण और एलिम्को, कानपुर– मुख्यालय, एएपीसी, आरएमपीएस और एओसी आदि में अपेक्षित सिविल नवीकरण संकर्म।	भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर।	90.10

5.	आईटीबीपी की 53वीं बटालियन, चित्तूर (एपी) के लिए आवासीय और गैर आवासीय भवनों का निर्माण।	महानिदेशालय भारत–तिब्बत सीमा पुलिस, (आईटीबीपी)।	65.75
6.	केरल राज्य के तिरूवनंतपुरम जिले में अक्कुलम में आरजीसीबी जैव नवप्रवर्तन केन्द्र, चरण –1 की स्थापना।	राजीव गांधी, जैव प्रौद्योगिकी केंद्र, तिरुवनंतपुरम।	58.20
7.	पल्लूर हिल्स, कांसी बहरामपुर, जिला–गंजम ओडिशा में बृहत्त् शहरी परिसर का संनिर्माण।	अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग, ओडिसा।	45.00

भारत तथा विदेश में कार्यान्वायन के अधीन प्रमुख परियोजनाएं :

i) 254.99 मिलियन अमरीकी डॉलर के मूल्य की ओमान में इंजीनियर्स–3 परियोजना (चरण–1) मूलतः पूर्ण और सौंपने को तैयार।

ii) जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू के परिसर विकास के लिए 1187.91 करोड़ रुपए का परियोजना प्रबंधन परामर्श।

iii) 550.82 करोड़ रुपए के मूल्य की भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई में कच्ची सामग्री प्राप्ति) एवं हथालन प्रसुविधाओं का नई ओएचपी (पीकेजी संख्या 061) के साथ आमेलन।

iv) 287.81 करोड़ रुपए के मूल्यों के भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई में ईंधन एवं फ्लक्स पेराई प्रसुविधाओं (पैकेज संख्यो 064) का आमेलन।

भिलाई इस्पात संयंत्र परियोजना–रेल लाइन पर कन्वेयर गैलरी का निमार्ण

v) राजीव गांधी ज्ञान प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के चरण–1 में दो संघटक परिसरों का बासार एवं नजविद, आंध्र प्रदेश में 216.44 करोड़ रुपए के मूल्य की संनिर्माण।

vi) झारखंड राज्य में नए पॉलिटेक्निक संस्थानों/इंजीनियरिंग कॉलेजों का संनिर्माण और विकास, विद्यामान तकनीकी संस्थानों को सुदृढ़ करना और 210 करोड़ रुपए की लागत से अन्य अवसंरचनात्मक विकास सकर्म।

vii) 100 एमबीबीएस वार्षिक दाखिले वाले आयुर्विज्ञान कॉलेज परिसर का संनिर्माण और शासकीय जिला अस्पताल बाड़मेर का 200.40 करोड़ रुपए की लागत से उन्नयन।

viii) बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर, जिला नालंदा (बिहार) में 181.16 करोड़ रुपए मूल्य का संनिर्माण।

चंडीगढ़ में फ्रेंच एसोसिएट्स और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान

ix) 161.69 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय भेषजी शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर), गुवाहाटी के संपूर्ण परिसर का सनिर्माण।

x) 113.48 करोड़ रुपए की की लागत से देहरी, सोन, बिहार में रु. 5.00 एलएलपीडी दुग्ध संयंत्र और 30 एमटीपीडी विद्युत संयंत्र का डिज़ाइन, संनिर्माण, आपूर्ति, प्रतिष्ठापन और चालू करना।

xi) 101.84 करोड़ रुपए की लागत से सिंगरोली, मध्यप्रदेश में इंटेक कुंए, जल उपचार संयंत्र, वितरण पाइप लाइनों, ओवरहेड टैंक का संनिर्माण एवं गृहस्थों को कनेक्शन प्रदान करना।

xii) राजकीय राजाजी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, मदुरै में पीएमएसएसवाई चरण-II के अधीन मदुरै, तमिलनाडु में 81.05 करोड़ रुपए के मूल्य के अतिविशेषज्ञता अस्पताल का संर्निर्माण।

भारत में पूरी की गई परियोजनाएं

कंपनी ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रमुख परियोजनाओं को पूरा किया :

i) माणिकतला कोलकाता में ईएसआई अस्पताल और पीजी कॉलेज का संनिर्माण।

ii) आईआईटी खड़गपुर, पश्चिम बंगाल में जेसी घोष और पी.सी. राय साइंस ब्लॉक (जी+7) भवनों का संनिर्माण।

iii) अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, एवं नागालैंड राज्यों में आसाम राईफल्स बटालियन के विभिन्न आवासों, अधिकारी क्लब, कल्याण केंद्र, अस्पताल जिसके अंतर्गत संरचनात्मक विभाग संकर्म आदि का संनिर्माण।

iv) करीमगंज, आसाम में 5 हजार मीट्रिक टन क्षमता के खाद्यान गोदाम जिसके अंतर्गत अनुषंगी ढांचे एवं स्थल विकास संकर्म है का संनिर्माण।

v) त्रिपुरा विश्वविद्यालय परिसर, सूर्य मणिनगर, अगरतला, त्रिपुरा में विभिन्न विभागों की सुविधाओं के लिए बहुमंजिले शैक्षिक खंड का संनिर्माण।

vi) पीयूसी परिसर, आईजोल, मिजोरम में प्रशासनिक भवन, स्वास्थ्य केंद्र, और छात्रों के छात्रावास का विस्तार।

vii) जबलपुर, मध्य प्रदेश में 29 वीं बटालियन के लिए स्थायी गैर आवासीय भवन का संनिर्माण।

viii) रायपुर, छत्तीसगढ़ में विद्यमान एनआईटी परिसर में सेंट्रल कंप्यूटर सेंटर भवन का संनिर्माण।

ix) यानम, लोक निर्माण विभाग, पुडुचेरी सरकार, आंध्र प्रदेश में जलापूर्ति योजना का एकीकरण।

5. आदेश पुस्तिका स्थिति

वर्ष 2015–16 के समाप्ति के पश्चात कंपनी ने 9080 करोड़ रुपए के आदेश प्राप्त किए गए हैं, इसके अंतर्गत 1345 करोड़ रुपए के मूल्य का कार्य है जो ग्राहक के पास निधियों, गैर उपलब्ध कार्य मंच की अनुपलब्धता के कारण रुका हुआ है।

6. समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अधीन कार्यनिष्पादन की रेटिंग

लोक उद्यम विभाग (डीपीई) में कंपनी द्वारा सरकार के साथ वर्ष 2014–15 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार कंपनी के कार्यनिष्पादन को ''बहुत अच्छा'' रेटिंग प्रदान की है।

7. निगम शासन

ईपीआई विधिक, नैतिक और पारदर्शी रीति में कारबार के संचालन के लिए सुदृढ़ निगम शासन पद्धतियों के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी यह विश्वास करती है कि दीर्घावधि में अच्छी निगम शासन पद्धतियां सभी पणधारियों के लिए धन का सृजन करती हैं। ईपीआई लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी निगम शासन मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुपालन कर रही है और त्रैमासिक तथा वार्षिक आधार पर भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) को अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट तथा निगम शासन पर रिपोर्ट इस निदेशकों की रिपोर्ट के साथ क्रमशः **उपाबंध–क** और **उपाबंध–ख** पर उपाबद्ध हैं।

8. क्रेडिट रेटिंग

वर्ष–दर–वर्ष कंपनी के कार्य निष्पादन में सुधार के आधार पर आईसीआरए लिमिटेड की रेटिंग समिति ने आईसीआरए की दीर्घावधि रेटिंग 'ए+' को उन्नयित करके 'ए ए–' कर दिया और कंपनी की गैर–निधि आधारित सीमाओं के लिए आईसीआरए की लघु अवधि रेटिंग आईसीआरए द्वारा 'ए1+' की पुनः पुष्टि की है। दीर्घावधि रेटिंग की संभावना 'स्थिर' है।

9. सतर्कता कार्यकलाप

कंपनी के सतर्कता प्रभाग का विभाग प्रभारी मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) है जो पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सत्यनिष्ठा पर आवधिक निरीक्षण और जांच के माध्यम से ध्यान केंद्रित करता है और निवारक सतर्कता के माध्यम से अच्छी प्रशासन पद्धतियों को प्रोत्साहित करता है।

ईपीआईएल ने, 26.10.2015 से 31.10.2015 के दौरान अपने निगम/प्रादेशिक और साइट कार्यालयों में मुख्य सतर्कता आयुक्त के निदेशानुसार अत्याधिक उत्साह से, ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह'' मनाया। इस अवसर पर ईपीआईएल कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए :–

क) 'लोक उपानन और निवारक सतर्कता के अन्य पहलुओं पर मुख्य सतर्कता आयोग के मार्गदर्शक सिद्धांत' पर व्याख्यान दिनांक 27.10.2015 को निगम कार्यालय में आयोजित किया गया था। निगम कार्यालय के ईपीआई कार्मिकों और पूर्वोत्तर प्रादेशिक कार्यालय की बहुसंख्या कार्मिकों ने इसमें भाग लिया। श्री रमेशचंद्र, मुख्य तकनीकी परीक्षक, केंद्रीय सतर्कता आयोग ने इस व्याख्यान को संबोधित किया और एक पारस्परिक सत्र के साथ इसका समापन किया।

ख) ''सुशासन के लिए औजार के रूप में निवारक सतर्कता'' पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

ग) ''भ्रष्टाचार से निपटने में मीडिया की भूमिका'' पर एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

'सत्यनिष्ठा पैक्ट' को कार्यान्वित किया गया और दो स्वतंत्र बाह्य मॉनीटर हैं, जिनके लिए परियोजनाओं के मूल्य को 100 करोड़ से घटाकर 50 करोड़ कर दिया गया है।हाल ही में कंपनी में ई–टेंडरिंग आरंभ की गई है। लगभग सभी वित्तीय कार्यों का कंप्यूटरीकरण कर लिया गया है और भ्रमण कार्यक्रम, वेतन पर्ची आदि जैसे कार्यों को कागज की बचत करने के लिए ई–मेल के माध्यम से भेजा जाता है। कंपनी में शिकायत प्रणाली आरंभ की गई है

इसके अतिरिक्त पारदर्शिता में बढ़ोतरी करने के लिए विभिन्न अनुदेशों को जारी करने के साथ–साथ अनेक नई पहले की गई है। इसके अलावा कंपनी के विभिन्न स्तर के चारणों से संबंधित अनेक शिकायतों की जांच की गई और जहां अपेक्षित था अपेक्षित कार्रवाई कर सिफारिश करके उनका समापन किया गया।

10. मानव संसाधन

कंपनी अपने मानव संसाधन के विकास पर ध्यान केंद्रित करती है। परियोजना कार्य निष्पादन के क्षेत्र में नए उभरते हुए परिप्रेक्ष्यों के साथ गति बनाए रखने के लिए, यह अपनी जनशक्ति को उभरते हुए क्षेत्रों में प्रशिक्षित करती है। कर्मचारियों को आंतरिक और बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनारों और कार्यशालाओं के लिए प्रायोजित किया जा रहा है। ताकि, उनके तकनीकी, संचार और वैयक्तिक कौशल को समय–समय पर विभिन्न स्तरों पर बढ़ाया जा सके। कंपनी अपने कर्मचारियों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करती है, जिसके अंतर्गत अल्पसंख्यक और महिला कर्मचारी भी है और उसने अपनी विद्यमान जनशक्ति को प्रतिधारित करने के लिए सभी संभव प्रयास किए हैं। सेवानिवृत्ती पश्चात चिकित्सा लाभ, भविष्य निधि, उपदान, समूह दुर्घटना बीमा और फायदा निधि योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं कंपनी में हैं।

31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार कंपनी में 397 कर्मचारी हैं। कंपनी में 43 महिला कर्मचारी और तकनीकी और व्यावसायिक रूप से अर्हित 332 कर्मचारी हैं।

11. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कार्मिक

कंपनी में 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार 81 कर्मचारी (जिसके अंतर्गत 4 महिला कर्मचारी हैं) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से थे जो कंपनी की कुल जनशक्ति का 20.40 प्रतिशत हैं।

12. निःशक्त व्यक्ति

कंपनी में 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार 06 कर्मचारी निःशक्त थे जो कंपनी की कुल जनशक्ति का 1.51 प्रतिशत है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/निःशक्त व्यक्तियों के संबंध में समय–समय पर जारी सभी राष्ट्रपति अनदेशों का कंपनी अनुसरण करती है।

13. राजभाषा/हिन्दी का प्रसार

कंपनी में राजभाषा अधिनियम 1963 (यथा संशोधित 1967) के कार्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध करना जारी रखा है। कंपनी के विभिन्न कार्यों में हिंदी के उपयोग पर बल दिया जाता है और राजभाषा नीति के अनुसार कंपनी की वेबसाइट द्विभाषी फॉर्मेट के लिए तैयार है। हिंदी की महत्ता का संवर्धन करने के लिए ''ईपीआई समाचार'' नामक एक त्रैमासिक पत्रिका आंतरिक और बाह्य परिचालन के लिए नियमित आधार पर हिंदी भाषा में प्रकाशित की जाती है। ईपीआई उन कर्मचारियों को नकद पुरस्कार देती जो ईपीआई समाचार में लेख/कविता आदि लिखते

हैं। कर्मचारियों के जो बालक अपने स्कूल स्तर पर हिंदी भाषा में अच्छे अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें भी ''प्रतिभा पुरस्कार योजना'' के अधीन पुरस्कृत किया जाता है।

कंपनी ने हिंदी भाषा के उपयोग की प्रोन्नति और हिंदी भाषा को विभिन्न पहलों/कदमों जैसे हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन अर्थात् लेखन प्रतियोगिता, कविता पाठ, चित्र अभिव्यक्ति, श्रुतलेखन, टिप्पण– प्रारूपण, वाद–विवाद, पहेली आदि का प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में हिंदी दिवस/हिंदी पखवाड़ा आयोजन करके हिंदी को बढ़ावा देना जारी रखा है। पखवाड़े के दौरान विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाते हैं। स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह शील्ड योजना आरंभ की गई है ताकि, कर्मचारियों को विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में आगे आने और भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और अधिकतम पुरस्कार प्राप्त करने वाला विजेता इस योजना के अधीन पुरस्कार/शील्ड/सम्मान को प्राप्त करने का हकदार होता है।

भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के अनुसार राजभाषा कार्यान्वयन समिति ईपीआई में विद्यमान है, जो राजभाषा कार्यान्वयन की मॉनिटरिंग और नियंत्रण करती है। राजभाषा के संबंध में कर्मचारियों के बीच जागरूकता का सृजन करने के लिए विभिन्न हिंदी कार्यशालाओं का त्रैमासिक आधार पर संचालन किया जाता है और हिंदी भाषा में शासकीय पत्राचार में भाग लेने के आधार पर ''नकद पुरस्कार'' योजना भी विद्यमान है। किसी भी रुप में हिंदी लेखन में अंशदान अर्थात् विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में ईपीआईएल की ओर से लेख/निबंध के रूप में नियमित आधार पर किया जाता है। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार ऑनलाइन त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट भेजी जाती है। वर्ष के दौरान कंपनी ने हिंदी शिक्षण योजना के अधीन अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन करना आरंभ किया है।

ईपीआई नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) का सदस्य है और नराकास द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतिस्पर्धा में भागीदारी के लिए प्रत्येक वर्ष अक्टूबर/नवंबर माह में नियमित आधार पर नाम भेजे जाते हैं। इस वर्ष कंपनी ने राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय के साथ–साथ राजभाषा विभाग, भारत सरकार से विशेष सराहना प्राप्त की है।

14. कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अधीन शिकायतों का प्रकटन

कंपनी ने लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों (पीड़िता द्वारा की गई) के निपटान के लिए और ऐसी शिकायतों के समयबद्ध निपटान के लिए एक शिकायत समिति का गठन किया है।

आईटीबीपी परियोजना, जबलपुर, मध्यप्रदेश

वेस्ट बंगाल, आईआईटी खडगपुर, जे.सी.घोष और पी.सी. रॉय भवन

15. लोकक्रय नीति

लोकक्रय नीति, 2012 प्रतिस्पर्धा के मूल सिद्धांतों पर आधारित है जो, सुदृढ़ क्रय नीतियों और मालों या सेवाओं की आपूर्ति के आदेशों के निष्पादन के लिए एक प्रणाली के अनुसार जो न्यायोचित, समतुल्य, पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और लागत प्रभावी है।

कंपनी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रमों की समग्र वृद्धि और साम्य विकास को प्रोत्साहित करने में विश्वास करती है, उनकी भागीदारी को निःशुल्क निविदा दस्तावेजों/ईएमडी जमा से छूट देकर, निविदाकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए ई–उपानन को अंगीकार करके बढ़ाया जा सकता है।

16. प्राप्त किए गए पुरस्कार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), राजभाषा विभाग, दिल्ली ने वर्ष 2015 के लिए प्रतिस्पर्धा आयोजित करने के लिए ईपीआई को आयोजक पुरस्कार प्रदान किया।

17. निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक नीति

अध्यक्ष–सह–प्रबं निदेशक की नियुक्ति पुनरीक्षित अनुसूची 'ख' रु. 75,000–90,000 (औद्योगिक मंहगाई भत्ता) वेतनमान पर और निदेशकों की नियुक्ति पुनरीक्षित अनुसूची 'ख' रु. 65,000–75,000, औद्योगिक मंहगाई भत्ता, पैटर्न पर की जाती है। उनके निबंधनों और शर्तों को भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग द्वारा नियत किया जाता है।

18. प्रशासनिक व्यय में मितव्ययिता

सरकारी निदेशों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2015–16 के दौरान ईपीआई ने प्रशासनिक व्यय में मितव्ययिता हासिल की।

राजीव गांधी ज्ञान प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परियोजना, आंध्र प्रदेश

19. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के ब्यौरे जिन्हें वर्ष के दौरान नियुक्ति किया गया था या जिन्होंने त्यागपत्र दे दिया था।

इस समय कंपनी के निदेशकों की स्थिति में पिछली वार्षिक रिपोर्ट से कोई परिवर्तन नहीं हैं। 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार ईपीआई के बोर्ड में निम्नलिखित सात निदेशक हैं :

क्रम सं.	नाम	के प्रभाव से
1.	श्री. एस पी एस बक्शी अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	05.02.2009
2.	श्री. वीनू गोपाल निदेशक (परियोजनाएं) और 01/12/2015 से निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार	02.01.2012
3.	श्री. आर. के. सिंह अंशकालिक (शासकीय) निदेशक	30.11.2012
4.	श्री. सिया शरण अंशकालिक (शासकीय) निदेशक	11.01.2016*
5.	डॉ. के. एस. राव अंशकालिक (गैर–शासकीय) निदेशक	04.02.2014
6.	श्री. सुशांत बालिगा अंशकालिक (गैर–शासकीय) निदेशक	18.11.2015
7.	श्रीमती. अनीता चौधरी अंशकालिक (गैर–शासकीय) निदेशक	01.12.2015

*कार्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा डीआईएन के आवंटन की तारीख

वर्ष 2014–15 के दौरान अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक (मुख्य कार्यपालक अधिकारी), निदेशक (वित्त), (मुख्य वित्त अधिकारी कृत्यकारी निदेशक और कंपनी सचिव को मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (मू.प्र.का.) घोषित किया गया है।

निम्नलिखित मू.प्र.का. में वर्ष 2015–16 के दौरान निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं :

1) श्री ए.वी.वी. कृष्णन (निदेशक वित्त) को त्यागपत्र के कारण दिनांक 30.11.2015 से कंपनी की सेवा से मुक्त कर दिया गया है।

2) श्री वीनू गोपाल, निदेशक, (परियोजनाएं) निदेशक (वित्त) का संदर्भ दिनांक 01.12.2015 से दिनांक 31.05.2016 तक अतिरिक्त प्रभार के रूप में धारण कर रहे थे।

20. निदेशकों का दायित्व विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अधीन यथापेक्षित आपके निदेशक एतद्द्वारा संपुष्टि करते हैं :

(i) वार्षिक लेखों को तैयार करने में, लागू लेखांकन मानकों का तात्विक विचलन के संबंध में उचित स्पष्टीकरण के साथ अनुसरण किया गया है।

(ii) निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें सतत् रूप से लागू किया है तथा ऐसे निर्णय और आकलन किए हैं जो न्यायोचित और बुद्धिमत्तापूर्ण हैं। जिससे 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए कंपनी के मामलों और उस अवधि के लिए लाभ का सही और न्यायोचित दृश्य प्रस्तुत किया जा सके।

(iii) कंपनी अधिनियम, 2013 के उपबंधों के अनुसार कंपनी की आस्तियों के लिए सुरक्षा उपायों और कपट तथा अन्य अनियमितताओं के निवारण के लिए पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों के अनुरक्षण के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी रखी गई है;

(iv) यह कि सतत् आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए गए हैं; और

(v) निदेशकों ने सभी लागू विधियों के उपबंधों की अनुपालना का सुनिश्चय करने के लिए उचित प्रणालियां बनाई है और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त हैं और प्रभावी रूप से कार्य कर रही है।

21. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के अधीन स्वतंत्र निदेशक द्वारा घोषणा

डॉ. के एस राव, स्वतंत्र निदेशक, श्री सुशांत बालिगा, स्वतंत्र निदेशक और श्रीमती अनीता चौधरी, स्वतंत्र निदेशक ने यह घोषणा की है कि, वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) में उपबंधित स्वतंत्रता के मानदंड को पूरा करते हैं।

22. बैठकों की संख्या

वर्ष के दौरान निदेशक बोर्ड की (8) बैठकें आयोजित की गई, ब्यौरे इस रिपोर्ट से उपाबद्ध निगम शासन की रिपोर्ट में **उपाबंध–ख** पर दिए गए हैं।

23. अनुषंगी कंपनी

वित्तीय वर्ष के समापन के पश्चात भूमि पार्सलों आदि के विकास के लिए, 19 मई 2016 को 10 लाख रूपए की संदत पूंजी के साथ अनुषंगी कंपनी अर्थात् ''ईपीआई अरबन इन्फ्रा डेवलपर्स लिमिटेड'', निगमित की गई।

जिसमें ईपीआई की 51%, मैसर्स भारत अरबन इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड, सोलापुर, (बीयूआडीपीएल) की 39%, और मैसर्स दाराशा एण्ड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (डीसीपीएल), मुंबई की 10% से साम्य (इक्विटी) भागीदारी है।

जबलपुर, मध्य प्रदेश में आईटीबीपी के लिए स्थायी गैर आवासीय भवन का निर्माण–हवाई दृश्य

24. लेखापरीक्षक

क) कानूनी और शाखा लेखापरीक्षक

भारत के महालेखा नियंत्रक और परीक्षक (सीएण्डएजी) द्वारा वर्ष 2015–16 के लिए कंपनी के लिए नियुक्त कानूनी और शाखा लेखापरीक्षक नीचे दिए अनुसार हैं –

क्रम सं.	फर्म का नाम	क्षेत्र
1	मैसर्स. जी. एस. ए एसोसिएट्स, नई दिल्ली	कानूनी लेखापरीक्षक
शाखा लेखापरीक्षक :		
1	मैसर्स. अय्यर एण्ड कंपनी, नई दिल्ली	उत्तरी क्षेत्र शाखा लेखापरीक्षक
2	मैसर्स. डे. चक्रवर्ती एण्ड सेन, कोलकाता	पूर्वी क्षेत्र शाखा लेखापरीक्षक
3	मैसर्स. ए बी एम एण्ड एसोसिएट्स, एलएलपी मुंबई	पश्चिमी क्षेत्र शाखा लेखापरीक्षक
4	मैसर्स. योगानंद एण्ड राम, चेन्नई	दक्षिणी क्षेत्र शाखा लेखापरीक्षक
5	मैसर्स. एम. एच. एम. वाई. ऑडिटर्स, ओमान	ओमान, शाखा लेखापरीक्षक
6	मैसर्स. जयसिंघे एण्ड कंपनी, श्रीलंका	श्रीलंका, शाखा लेखापरीक्षक

ख) सचिवालयी लेखापरीक्षक

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और चयन) नियम 2014 के नियम 9(1) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के उपबंधों के अनुसरण में वर्ष 2015–16 के लिए कंपनी ने मैसर्स विशाल अग्रवाल एण्ड एसोसिएट्स को शाखा लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

ग) लागत लेखापरीक्षक

कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के उपबंधों के अनुसरण में वर्ष 2015–16 के लिए मैसर्स ए जी अग्रवाल एण्ड एसोसिएट्स को लागत लेखाकार के रूप में नियुक्त किया है।

25. कानून लेखापरीक्षक और शाखा लेखापरीक्षक द्वारा की गई प्रत्येक अर्हता, रिजर्वेशन या प्रतिकूल टिप्पणी या प्रकटन पर बोर्ड का स्पष्टीकरण या टिप्पणियां।

कानूनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट

वर्ष 2015–16 के लिए कानूनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट और लेखाओं पर टिप्पणणियों पर प्रत्युत्तर, यदि कोई हैं तो उन्हें इस रिपोर्ट के साथ उपाबद्ध किया गया है।

कानूनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में कोई अर्हता, रिजर्वेशन या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट

वर्ष 2015–16 की सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट और टिप्पणियों पर प्रत्युत्तर, यदि कोई हैं तो, उन्हें इस रिपोर्ट के साथ उपाबद्ध किया गया है।

26. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अधीन उधार, प्रतिभूति या विनिधानों की विशिष्टियां

वर्ष 2015–16 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अधीन कोई उधार, प्रतिभूति या विनिधान नहीं किया गया है।

27. विशिष्टियों का प्रकटन

कंपनी (लेखांकन) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के उपबंधों के अनुसरण में ऊर्जा, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा अर्जन तथा व्ययन के संरक्षण पर सूचना के ब्यौरे नीचे दिए अनुसार हैं :

27.01 ऊर्जा दक्षता और उसका संरक्षण

"वही सेवा प्रदान करने के लिए कम ऊर्जा का उपयोग" ऊर्जा दक्षता है और ऊर्जा की बचत करने के लिए किसी सेवा को कम करना उसके बिना कार्य करना ऊर्जा का संरक्षण है। तथापि कंपनी के कार्यक्रमों में विनिर्माण प्रक्रिया में ऊर्जा का प्रत्यक्ष उपयोग अंतर्वलित नहीं है। सभी प्ररूपों में ऊर्जा के संरक्षण की आवश्यकता को महत्व प्रदान किया जाता है।

ईपीआई, कोर–3 की छत पर 10 किलो वॉट सौर उर्जा सयंत्र का प्रतिस्थापन किया गया है और उसे आरंभ किया गया है। इस पर 9 लाख रुपए का पूंजी विनिधान की गयी है। आरईआईएल जयपुर को इसका आदेश दिया गया था।

ईपीआई निरंतर रूप से अपने कार्यालय/परियोजना परिसर में न्यूनतम परिस्थिति और पर्यावरण संरक्षण हेतु सीएफएल/टी5/एलईडी जैसे ऊर्जा कुशल उपकरण के उपयोग पर बल दे रहा है। वातानुकूलक, गीजर आदि जैसे स्टोर रेटड जैसे साधित्रों का विभिन्न परियोजनाओं/कार्यालयों में उपयोग किया जाता है, सौर/विंड ऊर्जा जैसी नवीकरणीय उर्जा का बिहार पुलिस अकादमी परियोजना एवं सीमा चौकी परियोजनाओं में उपयोग किया गया है।

27.02 प्रौद्योगिकी अवशोषण

(क) अनुसंधान और विकास

कंपनी के कार्य की प्रकृति पर विचार करते हुए अनुसंधान और विकास कार्यकलापों का स्कोप सीमित है क्योंकि हम ग्राहक की अपेक्षाओं के आधार पर कार्य का निष्पादन करते हैं। तथापि हम प्री–कास्ट/प्री फैब्रिकेटड ढांचा तकनीकों का तीव्र, टिकाऊ और लागत प्रभावी संनिर्माण के लिए उपयोग करते हैं।

(ख) प्रौद्योगिकी विलयन

आपकी कंपनी प्रद्योगिकी और संनिर्माण तकनीकों को उन्नत करने के लिए और समुचित डिजाइनिंग और मूल्यपरक इंजीनियरिंग के परिप्रेक्ष्य पर ध्यान देने के लिए सतत् रूप से प्रयास कर रही है। वैश्विक प्रतिष्ठा की अग्रणी कंपनी में से नवीनतम प्रौद्योगिकियों की रेंज, जो संगठन के पास औद्योगिक परियोजनाओं में उपयोग के लिए उपलब्ध है, में रेयर अर्थ के निष्कर्षण के लिए अमल सांद्रण संयंत्र, रसायनिक प्रक्रिया संयंत्र, विशेषीकृत अयस्क दैनिक शिक्षण सुविधायें उपलब्ध हैं। कंपनी के विशेषज्ञों को विभिन्न कार्यक्रम तथा सेमिनारों में तकनीकी जानकारी के विकास के लिए प्रायोजित किया जाता है

(ग) सूचना प्रौद्योगिकी और उपक्रम संसाधन आयोजन (ईआरपी)

आंतरिक कार्यकलापों में उपयोग के लिए नए के साथ साथ अद्यतन डिज़ाइन सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है। सेप–ईआरपी समाधानों का मानव संसाधन, वेतन पर्ची एवं वित्तीय लेखांकन और दस्तावेज प्रबंधन समाधान से संबंधित कृत्यों के लिए संपूर्ण संगठन में प्रचालनों को एकीकृत करने के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है। ई–उपानन प्रणाली के कार्यान्वयन को भी पूरा कर लिया गया है। कंपनी कार्यालय, प्रादेशिक कार्यालयों और साइटों पर वीडियो संगोष्ठी समाधान को भी कार्यान्वित कर लिया गया है, इससे संगठन की उत्पादकता में सुधार हुआ है और यात्रा व्यय में कमी आई है। ईपीआई के विषय में सूचना पब्लिक पोर्टल www.engineeringprojects.com पर उपलब्ध है

27.03 विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय

वर्ष 2015–16 के दौरान कंपनी ने पूर्ववर्ती वर्ष में 59,315 लाख रुपए के मुकाबले 49,929 लाख रुपए की विदेशी मुद्रा अर्जित की। वर्ष 2015–16 में उपगत विदेशी व्यय 2014–15 में 51,444 लाख रुपए के मुकाबले 2015–16 में 43,728 लाख रुपए रहा।



28. गुणवत्ता, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड चुनिंदा भारतीय ठेकेदारी कंपनियों में से एक है जिसे जो आईएसओ 9001:2008 और आईएसओ 14001:2004+एसी: 2009 प्रदान किया गया है, इस प्रकार ये पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (क्यूईएमएस) को कवर करती है। प्रमाणन के स्कोप में औद्योगिक और अन्य संनिर्माण परियोजनाओं का अवधारणा से प्रतिष्ठापन तक बहु–विषयी औद्योगिक और अन्य संनिर्माण परियोजनाओं का डिज़ाइन, उपाप्त और कार्यान्वयन शामिल है।

कंपनी को निगमित कार्यालय के संबंध में वृत्तिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा निर्धारण श्रृंखला (ओएचएसएमएस) 18001:2007 अर्थात् वृत्तिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली से भी प्रमाणित किया गया है।

हमने कंपनी के लिए आईएसओ 9001:2015 और आईएसओ 14001:2015 अभिप्राप्त करने के लिए भी कार्रवाई आरंभ कर दी है।

29. कर्मचारियों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन यथा अपेक्षित कानूनी सूचना

वर्ष के दौरान कोई कर्मचारी कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 197 और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन इस सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं कर रहा था। तथापि इससे सरकारी कंपनियों को कारपोरेट कार्य मंत्रालय की अधिसूचना, तारीख 5 जून 2015 द्वारा छूट प्राप्त है।

30. निगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) और भरणीयता

निदेशकों की इस रिपोर्ट के साथ निगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) और भरणीयता पर एक रिपोर्ट **उपाबंध–ग** के रूप में उपाबद्ध है।

31. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

कंपनी के पास उसके कारबार के व्यवस्थित और दक्ष संचालन का सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण है, जिसके अंतर्गत कंपनी की नीतियों का अनुपालन, उसकी आस्तियों के सुरक्षापायों, कपट का निवारण, लेखांकन अभिलेखों की शुद्धता और विश्वसनीयता, वित्तीय सूचना का समय पर तैयार करना शामिल है।

32. मुख्य कार्यपालक अधिकारी/मुख्य वित्त अधिकारी का प्रमाणन

मुख्य कार्यपालक अधिकारी मुख्य वित्त अधिकारी का प्रमाणन निगम शासन पर रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

33. जमा

कंपनी ने कोई जमा नहीं लिया है जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन नहीं आता है या उसकी अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं करता है।

34. नातेदार पक्षकारों के साथ संविदाओं या इन्तजामों की विशिष्टियां

कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 में निर्दिष्टि संबंधित नातेदार के साथ किसी संविदा या इन्तजाम में प्रविष्ट नहीं हुई है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) के अधीन यथापेक्षित प्ररूप एओसी–2 में विशिष्टियां **उपाबंध–घ** में संलग्न हैं।

35. चालू समुत्थान प्रस्थिति और कंपनी के भावी प्रचालन को प्रभावित करने वाले विनियामकों या न्यायालयों या अधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण और तात्विक आदेशों के ब्यौरे

लेखाओं की टिप्पणियों में आकस्मिक दायित्व में घोषित से भिन्न कोई महत्वपूर्ण या तात्विक आदेश विनियामकों या न्यायालयों या अधिकरणों द्वारा पारित नहीं किया गया हो, जो कंपनी की चालू समुत्थान प्रस्थिति और भावी प्रचालनों को प्रभावित करता है।

36. वार्षिक रिटर्न का उद्धरण

वार्षिक रिर्टन का उद्धरण इस रिपोर्ट के **उपाबंध–ड़** पर उपाबद्ध है।

ईएसआईसी अस्पताल परियोजना, मानिकतला, कोलकाता

37. आभार

आपके निदेशक भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग और भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के अन्य मंत्रालयों तथा संगठनों से प्राप्त सहयोग और समर्थन की गहरी प्रशंसा तथा सराहना करते हैं। आपके निदेशक विभिन्न ग्राहकों और बैंकों के प्रति उनके द्वारा दर्शाए गए विश्वास के प्रति कृतज्ञ हैं तथा उप–ठेकेदारों, विक्रेताओं और सलाहकारों की इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में योगदान के लिए प्रशंसा करते हैं। आपके निदेशक शासकीय लेखापरीक्षकों, कानूनी लेखापरीक्षकों, सचिवालयी लेखापरीक्षकों और लागत लेखापरीक्षकों का उनके द्वारा दिए गए सुझावों के लिए भी धन्यवाद करते हैं। आपके निदेशक सभी स्तर के प्रत्येक कर्मचारियों के लिए जिसने ईपीआई की वृद्धि के लिए योगदान दिया है के समर्पण के लिए प्रशंसा को अभिलेख पर रखने की भी सदिच्छा करते हैं।

बोर्ड के लिए और उसकी ओर से

ह0/–
(एस पी एस बक्शी)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 02548430

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 05 सितम्बर, 2016

बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) मेरूपारा, त्रिपुरा

प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

भारतीय अर्थव्यवस्था का विद्यमान आर्थिक ढांचा मिश्रित अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता है, जहां सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र दोनों सह विद्यमान हैं। भारत में केवल उन्हीं उद्योगों को सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित किया गया है जो अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए अनिवार्य थे और जिनमें निजी क्षेत्र को या तो रिटर्न की निबंध या उसमे निहित भारी जोखिम के कारण विनिधान करने में असमंजसता थी। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यकलाप कुछ सीमित रेंज जैसे विद्युत, सिंचाई, सड़कें, रेलवे, पत्तन, संचार आदि तक निर्बंधित हैं।

भारत ब्रांड साम्य संस्थापन (आईबीईएफ) कथन करता है कि औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) के अनुसार भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) ने 29 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है और अप्रैल 2015– मार्च 2016 के दौरान पिछले वर्ष इसी अवधि में 30.93 बिलियन अमरीकी डालर के मुकाबले यह 40 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंच गया। भारत ने शीर्षस्थ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के गंतव्य के रूप में 63 बिलियन अमरीकी डॉलर का विनिधान जिसे 2015 में घोषित किया गया है, जिसके अंतर्गत कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र है, के साथ चीन को पीछे छोड़ दिया है।

वित्त वर्ष 2015–16 (अप्रैल 2015– मार्च 2016) के दौरान भारत ने 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर कुल विदेशी प्रत्यक्ष विनिधान प्राप्त किया, यह सरकार के व्यापार करने में सरलता के प्रयासों का द्योतक है और विदेशी प्रत्यक्ष विनिधान मानकों में स्थिरता लाने के परिणाम सामने आ रहे हैं। कृषि और पशु पालन, खनन एवं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, प्रसारण एवं वहन सेवाएं, विमानपत्तन (हरित क्षेत्र योजनाएं एवं विद्यामान परियोजनाएं), विमानपत्तन परिवहन सेवाएं, संनिर्माण– विकास परियोजनाएं (जिसमें नगरों का विकास, आवासीय/वाणिज्यिक परिसरों का निर्माण, सड़क का पुल, होटल, रिसोर्ट, हॉस्पिटल, शैक्षिक संस्थाएं, मनोरंजन की सुविधाएं, शहर और प्रादेशिक स्तर अवसंरचना, नगरीय बस्तियां) औद्योगिक पार्क आदि अनुज्ञात क्षेत्र में हैं।

सरकारी पहलें

आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय ने स्वचालित रूट के अधीन और सेक्टरों को लाकर विदेशी प्रत्यक्ष विनिधान एफडीआय नियमों को सरल बनाने की भारत सरकार की योजना को रेखांकित किया है, एफआईपीबी प्रक्रियाओं को त्वरित करेगा जिसे भारत एक आकर्षक विनिधान गंतव्य बन जाएगा। भारत सरकार ने विदेशी प्रत्यक्ष विनिधान नीति को संनिर्माण विकास सेक्टर के संबंध में संशोधित किया है। संशोधित नीति में क्षेत्र निर्बंधन मानकों को सरल करना, इनकम पुंजीकरण पर निर्बंधन और परियोजना से आसान निकासी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त निम्न लागत सहनीय आवास को बढ़ावा देने के लिए इसने प्रदर्शित किया है कि, क्षेत्र निर्बंधन और न्यूनतम पूंजीकरण की शर्तें उन मामलों को लागू नहीं होंगी, जिनमें सहनीय आवास के लिए परियोजना की लागत के 30 प्रतिशत की प्रतिबद्धता की गई है।

भारत सरकार ने हाल ही में 15 सेक्टर में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति (एफडीआय) को शिथिल किया है,जैसे कि कुछ क्षेत्रों में विदेशी विनिधान की सीमा को बढ़ाना, अन्य में शब्दों को आसान बनाना और अनुमोदन के लिए अनेक को ऑटोमेटिक रूट पर रखना। सेक्टर, जो नीति को शिथिल करने से जिन्हें फायदा हुआ है उसके अंतर्गत रक्षा, भू संपदा, निजी बैंकिंग, रक्षा, नगर विमानन, एकल ब्रांड रिटेल, और समाचार प्रसारण है। नए नियम निर्माण क्षेत्र में विनिधान से आसान निकलने का उपवास करते हैं जबकि रक्षा और एयर लाइन में विदेशी विनिधान की सीमा को ऑटोमेटिक रूट के माध्यम से 49 प्रतिशत तक अनुज्ञात किया गया था।

भारत के मंत्रीमंडल ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जो रेलवे अवसंरचना, जिसके अंतर्गत प्रचालन नहीं है 100% तक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को अनुज्ञात किया गया है। यह उनको नेटवर्क सृजित करने जैसे क्षेत्रों और बुलेट ट्रेनों के लिए ट्रेनों की

आपूर्ति करने के क्षेत्र में विनिधान करने को अनुज्ञात करता है। भारत सरकार की प्रत्यक्ष विदेशी विनिधान (एफडीआय) को और सरल बनाने की योजना है, जैसे सेक्टरों में विदेशी प्रत्यक्ष विनिधान सीमा (एफडीआय) को बढ़ाना और ऑटोमैटिक अनुमोदन मार्ग में अधिक सेक्टरों को शामिल करना ताकि देश में और विनिधान को आकृष्ट किया जा सके।

भारत सरकार ने निम्नलिखित अनेक पहलों की योजना बनाई है

1. स्मार्ट शहरों का विकास

भारत सरकार ने 2 केंद्रीय योजनाओं– नवीकरण के लिए अटल मिशन और शहरी रुपांतरण (एएमआरयुटी) तथा 'स्मार्ट सिटी' मिशन के लिए लगभग 7,296 करोड़ रूपए का आबंटन किया है। साधारण बजट 2016–17 वर्ष 2020 तक संपूर्ण देश में 100 स्मार्ट शहरों के विकास के लिए लगभग 3205 करोड़ रुपए की रकम रखी गई है जबकि एएमआरयूटी के लिए 4,091 करोड़ रुपए रखे गए हैं। स्मार्ट शहर परियोजना के अधीन पहले 20 शहरों के नाम जिसके अंतर्गत भुवनेश्वर, पुणे, अहमदाबाद, चेन्नई और भोपाल की घोषणा की गई थी।

शहरी विकास मंत्रालय ने पिछले वर्ष जून में ऐसे 100 शहरों के विकास के लिए परियोजना के लिए मिशन स्टेटमेंट और मार्गदर्शक सिद्धांत जारी किए। इस मिशन का केंद्र जोकि मोदी सरकार का एक अग्रणी कार्यक्रम है, स्वच्छ जल प्रदान करना, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियां स्थापित करना, दक्ष सचलता और सार्वजनिक परिवहन तथा सस्ते आवास मुहैया करना है।

अगले 40 शहरों की घोषणा दूसरे चरण में की जाएगी और शेष की तीसरे चरण में की जाएगी।

2. अवसंरचना कार्य का विकासः

वित्त वर्ष 2016– 17 के दौरान नई सड़कों के निर्माण के लिए अवसंरचना के सृजन और उन्नयन तथा राज्य राजमार्ग का राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन करने के लिए अवसंरचना पर कुल पूंजी खर्च का परिव्यय 221, 246 करोड़ रुपए होगा। 2016– 17 में सड़कों और रेलवे पर कुल पूंजी परिव्यय 218,000 करोड़ रुपए होगा और इससे लगभग 10,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के 2016–17 में अनुमोदित होने की संभावना है, जो पिछले 2 वर्षों के मुकाबले काफी अधिक होगा।

सरकार की 50,000 किलोमीटर में फैली हुई सड़क परियोजनाओं के विकास की योजना है और इसमें लगभग 250 बिलियन डॉलर के विनिधान की अगले 5 से 6 वर्ष में आवश्यकता होगी। सरकार ने अपने एजेंडा पर अवसंरचना विकास को सर्वोपरी रखा है। सड़क क्षेत्र में कुल विनिधान जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लगभग 97 हजार करोड़ रुपए होगा, इस वर्ष भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एमएचएआय) को 10,000 किलोमीटर की परियोजनाओं को देने की संभावना है।

3. विमानपत्तनों एवं विमान पट्टियों का विकासः

हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए, सरकार 160 विमानपत्तन और दीवान पट्टियों के पुनरुद्धार की कार्य योजना तैयार कर रही है, जिसमें प्रत्येक पर लगभग 50 से 100 करोड़ रुपए की लागत आएगी। सरकार मरम्मत ना किए गए और कम मरम्मत किए गए विमान पत्रों को पुनः खोलने की कार्य योजना को तैयार कर रही है। राज्य सरकारों के पास लगभग 160 विमानपत्तन और विमान पट्टियां हैं, जिसमें प्रत्येक के लिए 50 करोड़ से 100 करोड़ रुपए की इंगित लागत पर पुनः खोला जा सकता है।

''इनमें से प्रादेशिक संपर्क के लिए कुछ विमान पत्तनों का विकास करने के लिए सरकार राज्य सरकारों के साथ भागीदारी करेगी। इसी प्रकार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की 25 अकार्यशील विमान पट्टियों में से 10 विमान पट्टियों का भी विकास किया जाएगा।''

4. भारत में प्रमुख और अप्रमुख पत्तनों का विकासः

भारत में लगभग 13 प्रमुख पत्तन और लगभग 200 अप्रमुख पतन है। कारगो यातायात जो वर्ष 2012 में लगभग 976 मिलियन मेट्रिक टन था, वर्ष 2017 तक 1758 मिलियन मेट्रिक टन तक पहुंचने की संभावना है।

भारत सरकार की देश की 101 नदियों का उद्गम परिवर्तित करने की योजना है ताकि, आर्थिक वृद्धि को नवोदित करने के लिए जल परिवहन को बढ़ावा दिया जाए। भारतीय जहाजरानी, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारतीय पत्तनों और सड़क क्षेत्र में एक वृत्त विनिधान की घोषणा की है। सरकार ने नए पत्तनों के विकास और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना पर चल रहे कार्य के लिए 800 करोड़ रुपए आबंटित किए हैं।

आर्थिक सर्वेक्षण 2015– 16 के डाटा के अनुसार, वर्ष 2014– 15 में भारतीय पत्तनों में कारगो यातायात 8.2 प्रतिशत बढ़ कर 1052.2 मिलियन टन हो गया और अप्रमुख पत्तनों पर प्रमुख पत्तनों के मुकाबले वृद्धि तेजी से हुई। अप्रैल से सितंबर 2015 के दौरान सभी पत्तनों पर कारगो यातायात 1.1 प्रतिशत बढ़ा, प्रमुख पत्तनों पर 4.1 प्रतिशत की वृद्धि रिपोर्ट की गई और अप्रमुख पत्तनों पत्रों पर वर्ष 2014– 15 की तत्स्थानी अवधि की तुलना में 1 प्रतिशत की कमी रिपोर्ट की गई।

5. दिल्ली– मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर का विकास (डीएमआईसी)

सरकार ने दिल्ली–मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर का विकास करने के लिए 2016 के बजट में 14,00 करोड़ रुपए रखे हैं। तथापि, अमृतसर–कोलकाता आद्योगिक कॉरिडोर (एकेआईसी) परियोजना के लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने 3 करोड़ रुपए की एक टोकन रकम अलग रखी है।

डीएमआईसी परियोजना की योजना एक वैश्विक विनिर्माण और विनिधान गंतव्य के रूप में रेलवे के रीढ़ की हड्डी के रूप में पश्चिमी समर्पित भाड़ा कॉरिडोर की 1,483 किलोमीटर उच्च गति के चारों ओर रखी गई है।

परियोजना की परिकल्पना छह राज्यों में जिसके अंतर्गत हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सम्मिलित हैं में स्मार्ट भावी और भरणीय औद्योगिक शहरों में आधुनिक अवसरंचना उपलब्ध कराना है। इसी प्रकार एकेआईसी का प्रस्ताव उत्तरी और पूर्वी भारत के सघन जनसंख्या वाले राज्यों में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए की गई है।

6. नवीकरणीय ऊर्जा पर बल

सरकार ने 2016 के बजट में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को 5,036 करोड़ रुपए का आबंटन किया है और बजट ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को 1,75,000 मेगावॉट की क्षमता के 2022 तक के लक्ष्यी को पुनरीक्षित कर दिया है। जिसमें 1,00,000 मेगावॉट सौर, 60,000 मेगावॉट पवन, 10,000 मेगावॉट जैव पदार्थ और 5,000 मेगावॉट लघु जल विद्युत सम्मिलित है। 31 दिसम्बर, 2015 की स्थिति के अनुसार लगभग 38,820 मेगावॉट की संचयी क्षमता जो ग्रीड से परे इंटरएक्टिव नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है का देश में प्रतिष्ठापन कर लिया गया है, जिसके अंतर्गत 25,088 मेगावॉट पवन विद्युत, 4,878 मेगावॉट सौर विद्युत, 4,177 मेगावॉट लघु जल विद्युत और 4,677 मेगावॉट जैव विद्युत है।

7. नमामी गंगे कार्यक्रम

संघ के मंत्रिमंडल ने अग्रणी कार्यक्रम का अनुमोदन कर दिया है, जो समग्र रीति में गंगा नदी को स्वच्छ और संरक्षित करने के प्रयासों को एकीकृत करने के लिए है। ''इस कार्यक्रम का अगले पांच वर्ष के लिए 20,000 करोड़ रुपए का बजट परिव्यय है।'' इसमें पिछले तीस वर्ष में हुए व्यय में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। गंगा को साफ करने

के प्रयासों में बल लाने के लिए केंद्र इस कार्यक्रम के अधीन विभिन्न कार्यकलापों/परियोजनाओं का शत–प्रतिशत वित्तपोषण अपने हाथ में ले सकता है। इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन राष्ट्रीय स्वच्छ– गंगा मिशन (एनएमसीजी) और राज्य में इसके समकक्ष संगठन अर्थात् राज्य कार्यक्रम प्रबंधन समूह (एसपीएमजी) जिसमें शहरी स्थानीय निकाय, पंचायती राज संस्थाओं आदि द्वारा किया जाएगा।

केंद्र की अब कम से कम 10 वर्ष की अवधि के लिए आस्तियों के प्रचालन और अनुरक्षण की योजना है और प्रदूषण हॉट–स्पॉट के लिए पीपीपी/एसपीवी को अंगीकृत करने की योजना है। मुख्य अवसरंचना विनिधान जो अन्य मंत्रालयों के मूल जनादेश के अधीन आते हैं, जैसे शहरी विकास, पेयजल और स्वच्छता, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन को भी हाथ में लिया जाएगा।

नमामी गंगे प्रदूषणकारी न्युनीकरण मध्यस्तक्षेपों पर ध्यान केंद्रित करेगा अर्थात् खुले नालों के माध्यम से प्रवाहित होने वाले अपशिष्ट जल को मोड़ना और उसका जैव उपचारों/समुचित उपचार/नवप्रवर्तन प्रौद्योगिकीयों/मन उपचार संयंत्रों/अवशिष्ट उपचार संयंत्र के माध्यम से उपचार। इसका ध्येय विद्यमान (एसटीपी) का पुनर्वास और उनको जोड़ना भी है तथा नदी धारा में मल के प्रवाहित होने को निकासी बिंदुओं पर प्रदूषण को रोककर लघु अवधि उपाय करने का ध्येय भी है।

एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण

सुदृढ़ताएं एवं खामियां

कंपनी इंजीनियरी एवं संनिर्माण के लगभग सभी क्षेत्रों में व्यापक रेंज की लगभग सभी सेवाओं का प्रस्ताव रखना है और इसकी संपूर्ण भारत में उपस्थिति है। कंपनी के पास सिविल इंजीनियरिंग/परियोजना प्रबंधन में सिद्ध सक्षमता है और उसके पास भारत तथा विदेश में बहुविषयी परियोजनाएं हाथ में लेने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त, कंपनी नवीनतम आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक तकनीकी से सुसज्जित रक्षा परियोजनाएं विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा बाढ़ परियोजना हाथ में लेने में सक्षम है।

तथापि, कंपनी अत्याधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में प्रचालन कर रही है और वह अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी कंपनियों से घरेलू बाजार में कठिन प्रतिस्पर्धा का सामना करती है।

अवसर एवं चुनौतियां

स्मार्ट शहरी परियोजनाओं, लघु शहरी परियोजनाओं, इस्पात एवं विद्युत संयंत्र परियोजनाओं, सभी अवसंरचना उप–क्षेत्रों में बहुविषयी परियोजनाओं में अवसर, अवसंरचना एवं अन्य क्षेत्रों में सरल विदेशी प्रत्यक्ष विनिधान मानक। बृहत् परियोजनाओं को हाथ में लेने के लिए भारतीय एवं विदेशी कंपनियों के साथ प्रौद्योगिकीय गठबंधन किया है। इसके अतिरिक्त, परियोजना वित्तपोषण और एसपीवी या बीओटी/बीओएलटी/बीओओटी के आधार पर निष्पादन के लिए नए साधन है। **मेक इन इंडिया** पहल पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए बल को ध्यान में रखते हुए कंपनी के बढ़े हुए कारबार परिप्रेक्ष्य में रखा है।

तथापि, सुरक्षा चिंताओं, प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकम्प और बूम संनिर्माण को रोकने वाली बाढ़ें जिनके साथ बहु कंपनियों जिनके पास अधिक पूंजी है से भरे हुए अवसंरचना बाजार और भूमि अर्जन तथा पर्यावरण अनापत्ति के कारण परिप्रेक्ष्य प्रभावित हो सकता है।

खंडवार और उत्पादवार कार्यनिष्पादन

कंपनी के आवर्त में सबसे बड़ा योगदान औद्योगिक, प्रक्रिया संयंत्र, सामग्री हस्तालन विद्युत और सीमा प्रबंधन परियोजना घटकों का है, जिसके पश्चात आवास एवं भवन संकर्म हैं। जिसके अंतर्गत हस्पताल परियोजना घटक है। इस घटक की प्रतिशत भागीदारी वर्ष 2014–15 में 33.27 प्रतिशत के मुकाबले तक वर्ष 2015–16 में 35.67 प्रतिशत हो गई है।

नीचे दी गई सारणी कंपनी के प्रचालनों का खंड वार विश्लेषण प्रस्तुत करती है :

(करोड़ रुपए)

क्र. सं.	खंड वार परियोजनाएं	2013–14		2014–15		2015–16	
		आवर्त	%	आवर्त	%	आवर्त	%
1	आवासन एवं भवन संकर्म जिसके साथ अस्पताल परियोजना हैं	224.78	26.29	343.12	33.27	462.13	35.67
2	बांध एवं सिंचाई परियोजनाएं	5.74	0.67	5.42	0.53	0.46	0.04
3	औद्योगिक प्रसंस्करण संयंत्र, सामग्री हस्तालन और विद्युत एवं सीमा प्रबंधन परियोजनाएं	582.83	68.15	581.42	56.38	741.01	57.20
4	जल आपूर्ति एवं पर्यावरणीय योजनाएं	9.57	1.12	44.70	4.33	37.70	2.91
5	परिवहन संरचनाएं	3.02	0.35	13.16	1.28	11.58	0.89
6	अन्य परियोजनाएं	29.22	3.42	43.46	4.21	42.58	3.29
	योग	**855.16**	**100.00**	**1031.28**	**100.00**	**1295.46**	**100.00**

संभावना

भारत सरकार अवसंरचना क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक संभव पहल कर रही है। हाल ही में सरकार ने संनिर्माण क्षेत्र में विदेशी प्रत्येक्ष विनिधान नियमों को न्यूनतम निर्मित क्षेत्र के साथ पूंजी अपेक्षा को कम करके और बाहर निकलने के मानकों को उदार बनाकर शिथिल किया है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां और उनकी पर्याप्तता

कंपनी में आंतरिक नियंत्रणों के लिए पर्याप्त प्रणाली और सुविरचित प्रक्रियाएं हैं, जो सभी वित्तीय और प्रचालन कृत्यों को कवर करती हैं। इनको लेखा बही ने लेखांकन नियंत्रणों, अर्थव्यवस्था की मॉनीटरी और प्रचालनों की प्रभावशीलता, अप्राधिकृत उपयोग या नुकसान से आस्तियों के संरक्षण और वित्तीय तथा प्रचालन सूचना की विश्वसनीयता के संबंध में युक्तियुक्त आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन नियंत्रणों का नियमित रूप से उनकी दक्षता और प्रभावशीलता के लिए पुनर्विलोकन किया जाता है।

प्रचालन कार्यनिष्पादन के संबंध में वित्तीय कार्यनिष्पाादन पर चर्चा

वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान कंपनी ने पूर्ववर्ती वर्ष के 1,03,128 लाख रूपए के आवर्त की तुलना में 1,29,546 लाख रूपए का आवर्त हासिल किया और पूर्ववर्ती वर्ष के 4,121 लाख रूपए के कर–पूर्व लाभ की तुलना में 3,819 लाख रूपए का कर–पूर्व लाभ (पीबीटी) अर्जित किया। वर्ष के लिए समग्र मार्जिन पूर्ववर्ती वर्ष के 4926 लाख रूपए की तुलना में 4,514 लाख रुपए रहा।

वर्ष 2014–15 में कंपनी का निवल मुल्य 21,631 लाख रुपय था जो कि वर्ष 2015–16 में 1,153 लाख रुपय से बढ़कर 22,784 लाख रुपय हो गया।

बोर्ड ने 1,082 लाख रुपए के लाभांश का प्रस्ताव किया है जो कंपनी की वित्तिय वर्ष 2014–15 की शुद्ध मुल्य का 5 प्रतिशत है।

मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध मंच जिसके अंतर्गत नियोजित लोगों की संख्या है, में तात्विक विकास

कंपनी चालू परियोजनाओं के साथ–साथ भारत और विदेशों में विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाओं के निष्पादन के लिए विशिष्ट विशेषीकृत कौशलों को नियोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वर्ष 2013–14 एवं वर्ष 2015–16 के दौरान भर्ती किए गए अधिकांश कर्मचारियों को विभिन्न कार्यनिष्पादन स्थलों पर तैनात किया गया है।

औद्योगिक संबंध वर्ष के दौरान सौहार्दपूर्ण, सहयोगी और शांतिपूर्ण रहे। कंपनी की विभिन्न नीतियों को अंतिम रूप देते समय कर्मचारियों के विचारों पर विचार किया जाता है।

पर्यावरणीय संरक्षण और रक्षण, तकनीकी रक्षण, विदेशी मुद्रा की बचत

क) पर्यावरण रक्षण और संरक्षण

कंपनी पर्यावरणीय संरक्षण और उसके संवर्धन रक्षण के प्रति अपने उत्तरदायित्व के संबंध में पूर्णतः भिज्ञ है। पारिस्थितिकी की रक्षण इस समय बहुत महत्वपूर्ण है। यह समीचीन है कि, किसी समुदाय में विकास की प्रक्रिया उसके पर्यावरण के अनुरूप होने के साथ–साथ उस समुदाय की विशिष्ट संस्कृति के अनुरूप होनी चाहिए। कंपनी सामाजिक रूप से एक उत्तरदायी संगठन है और वह पर्यावरणीय चिंताओं पर आईएसओ नीति और प्रक्रिया मैनुअल के अधीन अपनी पर्यावरणीय प्रबंध प्रणाली (ईएमएस) के माध्यमों से ध्यान दे रही है और उसे पर्यावरणीय प्रबंध प्रणालियों को कवर करते हुए आईएसओ–14001 : 2004+ एसी : 2009 से प्रमाणित किया गया है।

पर्यावरण के गहन अनुकूल और ऊर्जा की बचत करने वाले उपाय जैसे भस्म ईंटों और पोर्टलैंड पोजालाना सीमेंट, वृक्षारोपण, व्हील वाशिंग सुविधा, जल संचयन, सौर और पवन ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा, प्रकाश संवेदक, कम किया जा सकनेवाला प्रकाश आदि का कंपनी द्वारा उपयोग किया जा रहा है। कंपनी ने परियोजनाओं के निष्पादन में एकीकृत पर्यावास निर्धारण (जीआरआयएचए) के लिए हरित रेटिंग का अंगीकार किया है, जिसका परिणाम पर्यावरण के रक्षण के साथ–साथ ऊर्जा की बचत के रूप में हुआ है। कंपनी विविध पर्यावरणीय उपायों का भी अनुसरण करती है, जैसे ध्वनि नियंत्रण, तेल की लीकेज का नियंत्रण, जल के दुरुपयोग का नियंत्रण, धूम्रपान आदि पर नियंत्रण और उसने अपने सभी क्षेत्रों में 7,711 वृक्षों का भी रोपण किया है। पर्यावरण अनुकूल उपस्कर जैसे सौर प्रकाश आदि का भी निगम कार्यालय/विभिन्न परियोजना स्थलों पर प्रतिस्थापन किया जा रहा है।

(ख) प्रौद्योगिकीय संरक्षण

ईपीआई नई प्रदान की गई "नमामी गंगे परियोजना" में प्रौद्योगिकी संरक्षण के लिए नई विधियों के उपयोग का भी आशय रखती है, जैसे शून्य डिस्चार्ज के साथ माल उपचार जिसके अंतर्गत पुनः चक्रण के साथ ऑनलाइन उपचार, पृथक्करण के लिए पारिस्थितिकी निर्जीवानुकरण, पर्यावर्णीय प्रदूषण को कम करने के लिए प्रभावी सूक्ष्म जीव प्रौद्योगिकी। ईपीआई परियोजना निष्पादन के दौरान सड़कों/बाडों,

श्री अनंत जी गीते, माननीय मंत्री भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय द्वारा कोलकाता में नमामि गंगे परियोजना का उद्घाटन

नीव आदि के निर्माण के लिए उत्खनन की गई सामग्री का उपयोग करती है, जिससे संनिर्माण लागत की बचत होती है।

(ग) विदेशी मुद्रा संरक्षण

कंपनी हमेशा विदेशी मुद्रा की बचत करने का प्रयास करती है। घरेलू आवश्यकताओं के लिए स्वदेश में निर्मित सामग्रियों और मशीनों की खरीद की जाती है, जो कंपनी से विदेशी मुद्रा के बहिर्गम को रोकती है। नई प्रौद्योगिकियों, इंजीनियरी नूतनों, आदि को स्वयं के डिज़ाइन का विकास करने के लिए अंगीकृत किया जाता है।

प्रौद्योगिकियों का अनुकूलतम उपयोग करने के लिए और आधुनिक उत्पादन तथा प्रसंस्करण सुविधाओं की भारत में स्थापना करने के लिए मशीनरी, मशीनरी के समुचित उपांतरण/अंगिकरण के लिए, उपस्कर और विदेश आधारित प्रौद्योगिकीय डिज़ाइन को स्वदेशी स्रोतों से खरीदा जाता है। भारतीय परिस्थितियों की भीषणता के अधीन प्रचालन के लिए अंगीकार करने के लिए सभी प्रक्रियाओं को भीषण परीक्षण और जांचों से गुजारा जाता है। मूल्यवान विदेशी मुद्रा का व्यय भारतीय दक्षता का विस्तृत इंजीनियरी, विनिर्माण एवं सुविधाओं के संयोजन में नई प्रौद्योगिकियों और विदेश में विकसित जानकारी को अपनाकर उन्नत डिज़ाइन एवं तकनीकी विशेषताओं के माध्यम से न्यूनतम किया गया है।

सचेत करने वाला विवरण

इस प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट का विवरण कंपनी के उद्देश्यों, प्रेक्षणों का वर्णन करता है, जो लागू विधियों और विनियमों के अर्थात् गत आगे बढ़ने के लिए कथन हैं। वास्तविक परिणाम अभिव्यक्त या समझे गए परिणामों से सारवान रूप से या तात्विक रूप से भिन्नण हो सकते हैं, महत्वपूर्ण विकास कंपनी के प्रचालनों को प्रभावित कर सकते हैं जिनके अंतर्गत अवसंरचना क्षेत्र में अवमूल्यन की प्रवृत्ति, भारत में आर्थिक पर्यावरण में महत्वपूर्ण परिवर्तन, मुद्रा विनिमय दर में उतार–चढ़ाव, कर, विधियां, मुकदमेबाजी और श्रमिक संबंध हैं।

श्री हरीश रावत, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड बालीवाला फ्लाईओवर, देहरादून का उद्घाटन करते हुए

निगम शासन पर रिपोर्ट

1. निगम शासन पर कंपनी का दर्शन

कंपनी के मिशन/ध्येय कथन में 'पणधारियों के मूल्य का वर्धन' का उत्कीर्ण किया गया है। कंपनी दृढ़ता से यह विश्वास करती है कि अच्छे निगम शासन से सभी पणधारियों के लिए अविछिन्न आधार पर मूल्य का सृजन होता है। निगम शासन मुख्यतः पारदर्शिता, तात्विक तथ्यों का पूर्ण प्रकटन, बोर्ड की स्वतंत्रता और सभी पणधारियों के साथ न्यायोचित व्यवहार से संबंधित है। इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड का निगम प्रशासन पर दर्शन निम्नानुसार है :

'पेशेवरता का प्रयोग करना और कंपनी के सभी पणधारियों के लिए मूल्य का सृजन करने के लिए प्रभावी, उत्तरदायी और पारदर्शी होना है'।

2. निदेशक बोर्ड

(क) बोर्ड की संरचना

ईपीआई के बोर्ड के सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय (अर्थात् भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय) के माध्यम से की जाती है।

31.03.2016 की स्थिति के अनुसार सात निदेशक पदारूढ़ हैं, अर्थात् अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, निदेशक (परियोजनाएं) जिन्होंने निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त भार संभाला है, दो अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकारी नामनिर्देशिती) और तीन अंशकालिक (गैर–शासकीय) निदेशक (स्वतंत्र निदेशक)। जिसके अंतर्गत एक महिला निदेशक है। प्रशासनिक मंत्रालय को इस स्थिति से अवगत करवा दिया गया है।

(ख) निदेशक बोर्ड की संरचना के ब्यौरे निदेशक की श्रेणी बोर्ड की बैठकों और वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) में उपस्थिति और वर्ष 2015–16 के दौरान धृत अन्य निदेशक पद नीचे दिए अनुसार हैं :

निदेशकों का नाम	श्रेणी	भाग ली गई बोर्ड की बैठक	अंतिम एजीएम जिसमें भाग लिया गया	अन्य पब्लिक कंपनियों में धृत निदेशक पदों की संख्या (जिसके अंतर्गत ईपीआई नहीं है)	अवधि
(क) पूर्णकालिक/कृत्यकारी निदेशक					
श्री. एस.पी.एस बक्शी डीआईएन : 02548430	अध्यक्ष–सह– प्रबंध निदेशक	8/8	हां	शून्य	05.02.2009 के प्रभाव से
श्री. वीनू गोपाल डीआईएनः 05173442	निदेशक (परियोजनाएं) एवं निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त भारः	8/8	हां	शून्य	02 .01.2012 के प्रभाव से

श्री. ए.वी.वी. कृष्णन डीआईएन 06404202	निदेशक (वित्त)	5/5	हां	शून्य	10.10.2013 के प्रभाव से 30.11.2015 तक
(ख) सरकारी नामनिर्देशती/अंशकालिक शासकीय निदेशक					
श्री. आर. के. सिंह संयुक्त सचिव, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय डीआईएनः 06459343	निदेशक	8/8	हां	4 (एस आईएल, एवाईसीएल, टी डव्ल्यूओसीएल, बीएचईएल)*	30.11.2012 के प्रभाव से
श्री. एस. एस. दूबे, प्रधान लेखा नियंत्रक (सीसीए) भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय डीआईएनः 06601151	निदेशक	2/5	नहीं	1 (एचएमटीएल)* मशीन	08.05.2013 के प्रभाव से 30.11.2015 तक
श्री. सिया शरन प्रधान लेखा नियंत्रक, (सीसीए) भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय डीआईएनः 07401363	निदेशक	2/2	लागू नहीं होता	1 (एचईसी)*	11.01.2016 के प्रभाव से
(ग) स्वतंत्र निदेशक/अंशकालिक (गैर–शासकीय) निदेशक					
डॉ. के. एस. राव, प्रोफेसर, वाणिज्य और प्रबंध अध्ययन विभाग, आन्ध्रा विश्वविद्यालय, विशाखापट्टनम डीआईएनः 03383447	निदेशक	8/8	हां	शून्य	04.02.2014 के प्रभाव से (पूर्व में 16.12.2010 से 15.12.2013 तक)
श्री. सुशांत बालिगा प्रबंध विज्ञान संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय डीआईएनः 06462815	निदेशक	3/3	लागू नहीं होता	शून्य	18.11.2015 के प्रभाव से

श्रीमती. अनीता चौधरी आईएएस, (सेवानिवृत्त), सचिव, भू-संसाधन विभाग भारत सरकार डीआईएनः 07328842	निदेशक	3/3	लागू नहीं होता	1 (एनपीसीआएएल)*	01.12.2015 के प्रभाव से

* टिप्पण संख्या 2 को निर्दिष्ट करें

इस्तेमाल किए गए संक्षेपाक्षर : एसआईएल–स्कूटर इंडिया लिमिटेड, एवाईसीएल–एंड्रयू यूल कंपनी लिमिटेड; टीडव्ल्यूओसीएल–टाइड वाटर ऑयल कंपनी लिमिटेड; बीएचईएल–भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड; एचएमटी– मशीन टूल्स लिमिटेड; एचईसी हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड; एनपीसीआईएल; न्यूक्लिअर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड।

टिप्पणियां:

वर्ष 2015–16 के दौरान और तत्पश्चात इस रिपोर्ट की तारीख तक बोर्ड की निदेशकता में निम्नलिखित परिवर्तन हुए:

1. श्री. एस पी एस बक्शी, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, ईपीआई के कार्यकाल को आदेश संख्या 16/1/2008 –टीएसडव्ल्यू (खंड 3) तारीख 20 मई 2016, द्वारा 30 सितंबर 2018 तक (सेवा निवृत्ति तारीख) या अगला आदेश होने तक, इनमें से जो भी पूर्व हो, बढ़ा दिया गया है।

2. श्री वीनू गोपाल को निदेशक (वित्त) का आदेश संख्या 16(14) 2013 –टीएसडब्ल्यू तारीख 4 दिसंबर 2015 द्वारा और आदेश संख्या 16(14) 2013 –टीएसडब्ल्यू तारीख 2 फरवरी 2016 द्वारा 6 महीने की अवधि के लिए अर्थात् 1 दिसंबर 2015 से 31 मई 2016 किया गया है। इस पद पर नियमित पद धारी की नियुक्ति तक या अगला आदेश होने तक, इनमें से जो भी पूर्व हो अतिरिक्त पदभार प्रदान किया गया है। भारी उद्योग विभाग से अगले आदेश की प्रतीक्षा है।

3. श्री सुशांत बालिगा को भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय के, आदेश संख्या 16(2)/2015 –टीएसडब्ल्यू तारीख 01 नवंबर 2015 द्वारा उनकी नियुक्ति की अधिसूचना की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए या अगला आदेश होने तक, इनमें से जो भी पूर्व हो अंशकालिक गैर शासकीय निदेशक नियुक्त किया गया है।

4. श्रीमती अनीता चौधरी को भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय के, आदेश संख्या 16(2)/2015 –टीएसडव्ल्यू तारीख 17 दिसंबर 2015 द्वारा उनकी नियुक्ति की अधिसूचना की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए या अगला आदेश होने तक, इनमें से जो भी पूर्व हो अंशकालिक गैर शासकीय निदेशक नियुक्त किया गया है।

5. श्री सिया शरन को आदेश संख्या 16 (7)/2015 –टीएसडब्ल्यू तारीख 17 दिसंबर 2015 द्वारा कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 153(3) एवं धारा 154 के निबंधनों में अंशकालिक गैर शासकीय निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी निदेशक के रूप में नियुक्ति की प्रभावी तारीख 11 जनवरी 2016 अर्थात् कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा डीआईएन के आवंटन की तारीख मानी गई है।

6. श्री ए. वी. वी कृष्णन ने निदेशक (वित्त) का तारीख 30.11.2015 (ए/एन) अपराह्न से भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय द्वारा आदेश संख्या 16 (14)/2013– टीएसडब्ल्यू तारीख 30 नवंबर 2015 द्वारा उनका त्यागपत्र स्वीकार करने पर अपना पद छोड़ दिया है।

7. श्री एस. एस. दुबे ने तारीख 30 नवंबर 2015 (अपराह्न) के संदर्भ से शहरी विकास मंत्रालय में उनके स्थानांतरण पर मुख्य वित्त नियंत्रक (सीसीए), भारी उद्योग विभाग का पदभार छोड़ने के कारण ईपीआई के निदेशक का पद छोड़ दिया है।

(ग) बोर्ड की प्रक्रिया

निदेशक बोर्ड की मुख्य भूमिका कंपनी के अच्छे शासन और कार्यकरण का सुनिश्चय करने की है। बोर्ड की बैठकें साधारणतया कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय, नई दिल्ली में आयोजित की जाती हैं। बोर्ड नियमित अंतरालों पर कंपनी की भौतिक और वित्तीय प्रगति पर चर्चा करने के लिए बैठकें करता है। बोर्ड अवधिक रूप से सभी लागू विधियों की अनुपालना प्रस्थिति का पुनरीक्षण करता है। बैठकों के लिए कार्यवृत्त की टिप्पणियां संबंधित अधिकारियों द्वारा तैयार की जाती है और उनका अनुमोदन अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक सहित कृत्यकारी निदेशकों द्वारा उन्हें सभी निदेशकों को भेजने से पूर्व किया जाता है। कंपनी सचिव ये सुनिश्चय करता है कि, निदेशकों और ज्येष्ठ प्रबंधन को बैठकों में प्रभावी विनिश्चय करने के लिए सभी सुसंगत सूचना, ब्यौरे और दस्तावेज उपलब्ध कराए जांए। निदेशक बोर्ड द्वारा विनिश्चय विचार–विमर्श के पश्चात किए जाते हैं।

(घ) बोर्ड की बैठकों की संख्याः

वर्ष 2015–16 के दौरान निदेशक बोर्ड की आठ (8) बैठकें आयोजित की गई थी, जिनके ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

क्रम सं.	बैठक की तारीख	बोर्ड की संख्या	उपस्थित निदेशकों की संख्या
1.	10.06.2015	6	6
2.	21.07.2015	6	6
3.	21.08.2015	6	5
4.	29.09.2015	6	5
5.	26.11.2015	6	5
6.	02.01.2016	6	6
7.	15.01.2016	7	7
8.	01.02.2016	7	7

(ङ) स्वतंत्र निदेशकों की बैठकें :

वित्त वर्ष 2015–16 के दौरान कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों ने 2 मार्च 2016 को चेन्नई में (कार्यशील निदेशकों, सरकारी निदेशकों या प्रबंधन सदस्यों की उपस्थिति के बिना) कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची 4–निवेशकों के लिए संहिता, की अनुपालना में बैठक की।

(च) इस समय बोर्ड में, निदेशकों का संक्षिप्त सार जिसके अंतर्गत वे भी हैं जो वर्ष 2015–16 के दौरान बोर्ड में शामिल हुए।

I) श्री. एस पी एस बक्शी, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

श्री. एस पी एस बक्शी, तारीख 05.02.2009 को अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार संभाला, श्री बक्शी हाईवेज एवं ट्रांस इंजीनियरी में स्नातकोत्तर और मानव संसाधन विकास में एमबीए हैं। वह इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) और इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियर्स, यूएसए के फैलो सदस्य हैं। श्री बक्शी को अद्योपांत आधार पर परियोजना योजना एवं प्रबंधन में वृहत्त भवनों एवं विमानपत्तनों और हाईवे परियोजनाओं के विशेष संदर्भ में 34 वर्ष का व्यापक और समग्र अनुभव है। उन्होंने पब्लिक प्राइवेट सहभागिता के आधार पर परियोजनाओं को भी संभाला है। ईपीआई में पदभार संभालने से पूर्व श्री बक्शी ने एअरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और भारत के राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण में उच्च पदों पर कार्य किया है। उन्होंने राष्ट्रीय महत्व के मुख्य अवसंरचना विमानपत्तनों और हाईवे परियोजनाओं को भी संभाला है।

II) श्री वीनू गोपाल, निदेशक (परियोजनाएं)

श्री. वीनू गोपाल, ईपीआई में निदेशक (परियोजनाएं) के रूप में तारीख 02.01.2012 को पदभार संभाला। वह व्यापक अनुभव रखने वाले एक सिविल इंजीनियर हैं और उनका विभिन्नतापूर्ण अनुभव रेलवे, हाईवे, पुल एवं भवनों के क्षेत्र में लागत आकलन, निविदा, कारबार विकास, संविदा प्रबंधन, आयोजना एवं परियोजना निष्पानदन में 35 वर्ष से अधिक अवधि का अनुभव है। श्री वीनू गोपाल ने भारत और विदेशों में बहु विषयी परियोजनाओं को जिसके अंतर्गत पब्लिक प्राइवेट सहभागिता के आधार पर परियोजनाओं को संभाला है। ईपीआई में शामिल होने से पूर्व, श्री वीनू गोपाल ने इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के साथ कार्य किया है।

III) श्री. आर. के. सिंह, सरकारी नामनिर्देशिती

श्री. राजेश कुमार सिंह, भारत सरकार के नामनिर्देशिती के रूप में तारीख 30.11.2012 को अंशकालिक शासकीय निदेशक के रूप में ईपीआई में पदभार संभाला। श्री सिंह 1991 के बैच के एक आईएएस अधिकारी हैं। वह मैकेनिकल इंजीनियरी में बी.टेक हैं और उन्होंने आईआईटी दिल्ली से ताप इंजीनियरी में प्रौद्योगिकी में निष्णात किया है। उन्हें लोक प्रशासन और सरकारी मुद्दों का भू–राजस्व प्रबंधन और जिला प्रशासन, पर्यावरण और वन, युवा मामले और क्रीडा, शहरी विकास, श्रम और नियोजन, मानव संसाधन विकास, कृषि और सहकारिता, जल संसाधन आदि जैसे विभिन्न सरकारी विभागों में 21 वर्ष से अधिक का अनुभव है। इस समय वह भारी उद्योग विभाग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर संयुक्त सचिव का पद धारण कर रहे हैं। उन्हें अनेक नूतन योजनाओं को लाने का श्रेय दिया जाता है। जिनका परिणाम उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में और उत्तर प्रदेश के कृषि विपणन विभाग में लाभदायी रहा है।

IV) श्री. सिया शरन, सरकारी नामनिर्देशिती

श्री. सिया शरन, को ईपीआई में भारत सरकार के नामनिर्देशित के रूप में तारीख 11 जनवरी 2016 से अंशकालिक सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है (भारी उद्योग विभाग के तारीख 17 दिसंबर 2015 के आदेश के अनुसरण में और कार्पोरेट कार्य मंत्रालय के डीआईएन के अनुमोदन के पश्चात्)। श्री सिया शरन भारतीय लागत लेखा सेवा के 1993 बैच के अधिकारी हैं। वह जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय से सामाजिक विज्ञान में निष्णात हैं और सामाजिक विज्ञान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से एक अर्हित कनिष्ठ अनुसंधान फैलो हैं। उनके पास वित्त, बजट एवं लेखा, संदाय और खजाना कार्यों में विभिन्न मंत्रालयों जैसे इस्पात एवं खान मंत्रालय, कृषि मंत्रालय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क बोर्ड में प्रचुर और

भिन्नतापूर्ण अनुभव है। उनको एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में अध्यापन का और राष्ट्रीय वित्त प्रबंधन संस्थान में प्रशासनिक अधिकारी का भी अनुभव है। इसमें वह एचईसी और ईपीआई मैं निदेशक बोर्ड में हैं और उन्हें उद्योग मंत्रालय में मुख्य लेखा नियंत्रक के रूप में भी तैनात किया गया है, जहां पर वह उद्योग संवर्धन एवं योजना विभाग, भारी उद्योग विभाग, उपक्रम विभाग और मध्यम लघु और सूक्ष्म उपक्रम विभाग के बजट एवं लेखा, संदाय और खजाना कार्य को देख रहे हैं। उन्होंने एकीकृत वित्तीय सलाहकार के रूप में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय मैं प्रेस सूचना ब्यूरो के एकीकृत वित्तीय कार्यों को भी संभाला है। उन्होंने ड्यूक विश्वविद्यालय, भारतीय प्रबंध संस्थान लखनऊ, भारतीय प्रबंध संस्थान बंगलुरु, राष्ट्रीय वित्त प्रबंधन संस्थान और आयसीआईएसए के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है।

V) डॉ. के. एस. राव, स्वतंत्र निदेशक

डॉ. के. एस. राव, आन्ध्रा विश्वविद्यालय, विशाखापट्टनम में वाणिज्य, एवं प्रबंधन अध्ययन विभाग में प्रोफेसर हैं। श्री राव ईपीआई में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में 16 दिसम्बर, 2010 को पदभार संभाला। उन्हें वाणिज्य और प्रबंधन के क्षेत्र में 30 वर्ष से अधिक का व्यापक शिक्षण और अनुसंधान का अनुभव है। वह अखिल भारतीय वाणिज्य संघ, केरल वाणिज्य संघ, भारतीय लेखांकन संघ के आजीवन सदस्य हैं और वह अनुसंधान विकास संघ के सदस्य हैं। डॉ. राव को वर्ष (1990) में वाणिज्य में, 'यूजीसी कैरियर पुरस्कार' प्रदान किया गया था। वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रशिक्षण और अनुसंधान परिषद, केंद्रीय उच्च तर शिक्षा बोर्ड और पंडित सुन्दर लाल शर्मा, केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल आदि विभिन्न शैक्षिक निकायों के साथ सहबद्ध हैं। उन्होंने विभिन्न प्रख्यात पत्रों में अनेक अनुसंधान पेपर प्रकाशित किए हैं। वह एम. फिल और पीएचडी उपाधियों के लिए अनेक अध्येनताओं के मार्गदर्शक भी हैं।

VI) श्री. सुशांत बालिगा, स्वतंत्र निदेशक

श्री. सुशांत बालिगा ईपीआई में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में दिनांक 18 नवंबर 2015 को पदभार संभाला। श्री बालिगा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (1972) से बी टेक और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (1975) से एम. टेक है तथा प्रबंध विज्ञान संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय से एमबीए (2006) हैं। वह इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अर्थक्वेक इंजीनियरिंग एण्ड सिस्मोलॉजी में सुकुवा विश्वविद्यालय, जापान से भूकंप में प्रमाण पत्र धारक हैं। मारूंगाओ बार्स बर्थ, गोवा के संनिर्माण के लिए वह रोडियो– हजरत (अब अफकौन) के साथ नियोजित थे। वह इंजीनियरी सेवा परीक्षा (1974) के माध्यम से सहायक कार्यपालक इंजीनियर वर्ग–1 के रूप में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में कार्यरत हुये। अपनी सेवा के दौरान उन्होंने डिज़ाइन कार्यालयों से (बिहार, झारखंड और ओडिशा का प्रभारी मुख्य इंजीनियर) आंचलिक प्रमुख के रूप में विभिन्न पदों पर कार्य किया और प्रति वर्ष 1000 करोड़ रुपए की मूल्य की परियोजनाओं को निष्पादित किया। सेवा की इस अवधि के दौरान वह विभिन्न संगठनों अर्थात नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड मैं कार्यपालक निदेशक के रूप में भी तैनात हुए थे। जहां पर उन्होंने कारबार विकास, और अंतर्राष्ट्रीय कारबार योजना, परामर्श, कारपोरेट स्तर पर डिज़ाइन और परियोजना मोनिटरींग के अतिरिक्त दक्षिण क्षेत्र में परियोजनाओं को कार्यान्वित किया कर्मचारी राज्य बीमा निगम में मुख्य इंजीनियर रहे राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में निदेशक थे जो विभिन्न विश्व बैंक और एडीबी वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए उत्तरदाई थे। वह भारत सरकार से मई 2011 में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अपर महानिदेशक के रूप में सेवा करने के पश्चात सेवानिवृत्त हुए।

सेवानिवृत्ति के पश्चात वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान पुणे, अखिल भारतीय प्रद्योगिकी शिक्षा परिषद फिक्की, नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड विश्व बैंक आदि के लिए विभिन्न सलाहकार क्षमताओं में नियोजित रहे हैं और वह बोर्ड ऑफ ब्रिज एण्ड रूफ (इंडिया) लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक का पद धारण कर रहे हैं। वह भारतीय रोड कांग्रेस और भारतीय मध्यस्थम परिषद् के आजीवन सदस्य भी हैं।

VII) श्रीमती. अनीता चौधरी, स्वतंत्र निदेशक

श्रीमती. अनीता चौधरी, भारतीय प्रशासनिक सेवा (76 एचवाई) , भारत सरकार, भू संसाधन विभाग से सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुई। वह फर्गुसन महाविद्यालय, पुणे से अंग्रेजी साहित्य में निष्णात है और यूनिवर्सिटी ऑफ बिरर्मिंघम, यूनाइटेड किंगडम से सामाजिक विज्ञान में निष्णात हैं। इस समय वह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से सूचना का अधिकार और सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर पी.एचडी कर रही है। उन्होंने देश और विदेश में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम किए हैं। इसमें से कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रम कोरिया में कृषि विपणन और हार्वर्ड में वित्त और लोकनीति है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा में 37 वर्ष के अपने कैरियर के दौरान उन्होंने राज्य और केंद्रीय सरकार में वित्त, गृह, उद्योग, शहरी विकास, ग्रामीण विकास, खाद्य और कपड़ा के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पद धारण किए हैं। वह भारत सरकार के केंद्रीय कुटीर उद्योग निगम की प्रबंध निदेशक रही है। इसमें वह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले कार्यदल की सदस्य हैं।

(छ) निदेशकों की नियुक्ति

सभी निदेशकों की नियुक्ति (अंशकालिक निदेशकों, स्वतंत्र निदेशकों, महिला निदेशकों सहित) सरकार द्वारा की जाती है, इसलिए यह संभव नहीं है कि, एजीएम की सूचना में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 के अनुसार निदेशकों की नियुक्ति के लिए कोई मद हो, जो निदेशकों की कुल संख्या के दो तिहाई से अन्य के व्यक्तियों के रूप में होने की अपेक्षा का अवधारण करती है, जिनकी पदावधि साधारण बैठक में निदेशकों के चक्रानुक्रम में सेवानिवृत्त द्वारा अवधारित किए जाने की दायी है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के अनुसार धारा 152 की उपधारा (6) और उप–धारा (7) के उपबंध निदेशकों के चक्रानुक्रम में सेवानिवृत्ति की बाबत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को लागू नहीं होते हैं।

इसके अतिरिक्त अंशकालिक निदेशक सरकार द्वारा नियुक्त अपने प्रशासनिक मंत्रालय में उनके पद के कारण पदधारण करते हैं और स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नियत अवधि के लिए की जाती है, जिसके कारण किसी निदेशक को प्रत्येक वर्ष चक्रानुक्रम में वास्तविक रूप से सेवानिवृत्त करने का कोई अवसर नहीं है। इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 को प्रभावी करना संभव नहीं है।

3. संपरीक्षा समिति

कंपनी की संपरीक्षा समिति का बोर्ड द्वारा सम्यक्त गठन किया गया है, जिसकी शक्तियां और भूमिका निगम शासन पर डीपीई मार्गदर्शन सिद्धांतों और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के अनुसरण में परिभाषित हैं।

निदेशकों में परिवर्तन के साथ संपरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया है। समिति को दिनांक 15.01.2016 को निम्नलिखित सदस्यों के साथ पुनः गठित किया गया है :

1.	डॉ. के.एस. राव, स्वतंत्र निदेशक	–	अध्यक्ष
2.	श्री. वीनू गोपाल, निदेशक (परियोजनाएं)	–	सदस्य
3.	श्री. सिया शरन, सरकारी नामनिर्देशिती	–	सदस्य
4.	श्री. सुशांत बालिगा, स्वतंत्र निदेशक	–	सदस्य
5.	श्रीमती अनीता चौधरी, स्वतंत्र निदेशक	–	सदस्य

वर्ष 2015–16 के दौरान समिति की तारीख 21.07.2015, दिनांक 21.08.2015, 29.09.2015, 26.11.2015 और 01.02.2016. तक पांच बैठकें आयोजित की गई थीं।

उपस्थिति के ब्यौरे नीचे दिए अनुसार हैं :

सदस्य	क्रमशः उनकी पदावधि के दौरान आयोजित की गई बैठकों की संख्या	बैठकों की संख्या जिनमें भाग लिया गया
डॉ. के. एस. राव, स्वतंत्र निदेशक अध्यक्ष	5	5
श्री वीनू गोपाल, निदेशक (परियोजनाएं)	5	5
श्री सिया शरन, सरकारी नामनिर्देशिती@	1	1
श्री सुशांत बालिगा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक@	1	1
श्रीमती अनीता चौधरी, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक@	1	1
श्री आर. के. सिंह, अंशकालिक सरकारी निदेशक*	4	4
श्री एस. एस. दूबे, अंशकालिक सरकारी निदेशक#	4	1

* 14 जनवरी 2016 तक सदस्य # 30 नवंबर 2015 तक सदस्य (पद त्याग दिया)। @ 15 जनवरी 2016 से सदस्य

संपरीक्षा समिति के निर्देश के निबंधन

संपरीक्षा समिति के निर्देश के निबंधन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 117 और निगम शासन पर डीपीई मार्गदर्शक सिद्धांतों की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं। इन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 के निबंधनों के अनुसार 21 जुलाई, 2014 से निम्नानुसार संशोधित किया गया है :–

1. कंपनी के निदेशकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक और नियुक्ति के निबंधनों की सिफारिश।
2. लेखापरीक्षकों की स्वतंत्रता और कार्यनिष्पादन तथा लेखा प्रक्रिया की प्रभावशीलता का पुनरीक्षण और मानीटरी।
3. वित्तीय विवरण और उसमें लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट की जांच।
4. संबंधित पक्षकारों के साथ कंपनी के संव्यवहारों के पश्चातवर्ती उपांतरण का अनुमोदन।
5. अंतः निगम ऋणों और विनिधानों की संवीक्षा।
6. कंपनी के वचनबंधों या आस्तियों का मूल्यांकन, जहां यह आवश्यक हो।
7. आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों और जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन।
8. लोक प्रस्तावना और संबंधित मामलों जहां लागू हों, के माध्यम से इक्ट्ठा की गई निधियों के अंतिम उपयोग की मानीटरी।
9. लेखापरीक्षा समिति आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों, लेखापरीक्षा के स्कोप, जिसके अंतर्गत लेखापरीक्षकों का पर्यवेक्षण और बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व वित्तीय विवरण का पुनर्विलोकन भी है के विषय में लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां मांग सकती है और अन्य किसी संबंधित मुद्दों पर आंतरिक और कानूनी लेखापरीक्षकों तथा कंपनी के प्रबंधन के साथ विचार–विमर्श कर सकती है।

10. लेखापरीक्षा समिति को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177(4) में विनिर्दिष्ट मदों के संबंध में या उसे बोर्ड द्वारा इस प्रयोजन के लिए निर्दिष्ट मदों पर जांच करने का प्राधिकार होगा और इस प्रयोजन के लिए उसे बाह्य स्रोतों से व्यावसायिक परामर्श अभिप्राप्त करने की शक्ति होगी और कंपनी के अभिलेखों में अंतर्विष्ट सूचना तक उसकी पूरी पहुंच होगी।

11. कंपनी या बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति आंतरिक लेखापरीक्षकों के परामर्श से आंतरिक लेखापरीक्षा के संचालन के लिए स्कोप, कार्यकरण, अवधि और विधि की विरंचना करेगी।

12. कंपनी की वित्तीय रिपोर्ट करने की प्रक्रिया और उसकी वित्तीय सूचना के प्रकटन को देखना ताकि यह सुनिश्चय किया जाए सके कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय है।

13. कानूनी लेखापरीक्षकों को कानूनी लेखापरीक्षकों द्वारा दी गई किसी अन्य सेवा के लिए संदाय का अनुमोदन।

14. बोर्ड को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पूर्व वार्षिक वित्तीय विवरणियों का निम्नलिखित के विशिष्ट। संदर्भ में पुनर्विलोकन :

    क. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के निबंधनों के अनुसार बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल किए जाने के लिए निदेशकों के दायित्व का विवरण में शामिल किए जाने के लिए अपेक्षित मुद्दे।

    ख. लेखांकन नीतियों और पद्धतियों में परिवर्तन, यदि कोई हों, और उसके कारण।

    ग. प्रबंधन द्वारा उनके निर्णय के उपयोग के आधार पर प्राक्कलनों को अंतर्वलित करती हुई प्रमुख लेखांकन प्रविष्टियां।

    घ. लेखापरीक्षा में पता लगाए जाने के कारण उद्भूत वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन।

    ङ. वित्तीय विवरणियों से संबंधित विधिक अपेक्षाओं का अनुपालन।

    च. संबंधित पक्षकार संव्यवहार का प्रकटन/पुनर्विलोकन।

    छ. प्रारूप लेखापरीक्षा रिपोर्ट में अर्हताएं।

15. बोर्ड को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पूर्व वित्तीय विवरणियों का प्रबंधन के साथ त्रैमासिक पुनर्विलोकन।

16. प्रबंधन के साथ आंतरिक लेखापरीक्षकों के कारण निष्पादन, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता का पुनर्विलोकन।

17. आंतरिक लेखापरीक्षा कृत्य, यदि कोई हो की पर्याप्तता का पुनर्विलोकन जिसके अंतर्गत आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग का ढांचा, कर्मचारीवृंद और विभाग की अध्यक्षता करने वाले कार्यकारी की ज्येष्ठता, रिपोर्ट करने का ढांचा, कवरेज और आंतरिक लेखापरीक्षा की आवृत्ति भी है।

18. किसी महत्वपूर्ण प्रकटन पर आंतरिक लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षकों के साथ चर्चा और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई।

19. आंतरिक लेखापरीक्षकों/लेखापरीक्षकों द्वारा उन मामलों में आंतरिक जांच से हुए प्रकटन का पुनर्विलोकन जहां किसी कपट या अनियमितता या तात्विक प्रकृति की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की असफलता और बोर्ड को उस विषय को रिपोर्ट करने का पुनर्विलोकन।

20. लेखापरीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व लेखापरीक्षा की प्रकृति और स्कोप की चर्चा के साथ–साथ लेखापरीक्षा पश्च किसी चिंता वाले क्षेत्र का पता लगाने के लिए चर्चा।

21. जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश के असंदाय की दशा में) और लेनदारों को संदाय में सारवान व्यतिक्रम के कारणों की जांच।

22. सूचना देने वाले/सतर्कता तंत्र के कार्यकारण का पुनर्विलोकन।

23. नियंत्रक और महालेखापरीक्षक लेखापरीक्षा में लेखापरीक्षा पर्यवेक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई का पुनर्विलोकन।

24. संसद की लोक उपक्रम समिति (सीओपीयू) द्वारा की गई सिफारिशों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई का पुनर्विलोकन।

25. स्वतंत्र लेखापरीक्षक, आंतरिक लेखापरीक्षक और निदेशक बोर्ड के बीच संचार के लिए खुले पथ का उपबंध।

26. कवरेज की संपूर्णता, निरर्थक प्रयासों में कमी और सभी लेखापरीक्षा संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने का सुनिश्चय करने के लिए स्वतंत्र लेखापरीक्षकों के साथ पुनर्विलोकन।

27. स्वतंत्र लेखापरीक्षक और प्रबंधन के साथ निम्नलिखित पर विचार और पुनर्विलोकनः

    क. आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता जिसके अंतर्गत कम्प्यूटरीकृत सूचना प्रणाली नियंत्रण और सुरक्षा भी है, और

    ख. संबंधित पता लगाई गई चीजें और स्वतंत्र लेखापरीक्षकों और आंतरिक लेखापरीक्षकों का प्रबंधन के प्रत्युत्तरों के साथ सिफारिशें।

28. निम्नलिखित पर प्रबंधन, आंतरिक लेखापरीक्षक और स्वतंत्र लेखापरीक्षक के साथ विचार और पुनर्विलोकन :

    क. वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण पता लगाई गई चिजें जिसके अंतर्गत पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा सिफारिशें भी हैं।

    ख. लेखापरीक्षा कार्य के दौरान सामने आई कोई कठिनाईयों जिसके अंतर्गत कार्यकलापों के क्षेत्र पर या अपेक्षित सूचना तक पहुंच पर कोई निर्बंधन भी है।

29. लेखापरीक्षा समिति को निम्नलिखित के संबंध में भी शक्तियां होगी :

    क. संदर्भ के निबंधनों के अंतर्गत किसी कार्यकलाप की जांच करना।

    ख. किसी कर्मचारी पर और उससे किसी सूचना को प्राप्त करना।

    ग. निदेशक बोर्ड के अनुमोदन के अधीन रहते हुए बाह्य विधिक या अन्य व्यवसायिक परामर्श अभिप्राप्त करना।

    घ. सुसंगत विशेषज्ञता रखने वाले बाह्य व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, यदि वह ऐसा करना आवश्यक समझे।

    ङ. सूचना प्रदाताओं की संरक्षा।

30. लेखापरीक्षा समिति निम्नलिखित सूचना का पुनर्विलोकन करेगी :

    क. प्रबंधन चर्चा और वित्तीय स्थिति का विश्लेषण तथा प्रचालनों का परिणाम;

    ख. प्रबंधन द्वारा प्रस्तुति संबंधित पक्षकार संव्यवहारों का विवरण।

    ग. प्रबंधन पत्र/कानूनी लेखा परीक्षकों द्वारा जारी आंतरिक नियंत्रण कमजोरियों के पत्र।

    घ. आंतरिक नियंत्रण कमजोरियों से संबंधित आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्टें।

ङ. मुख्य आंतरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति और पद से हटाने को लेखापरीक्षा समिति के समक्ष रखा जाएगा; और

च. मुख्य कार्यकारी/मुख्य वित्तीय अधिकारी द्वारा प्रमाणन/वित्तीय घोषणा।

31. कोई अन्य कृत्य जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 और तद्धीन बनाए गए नियमों और डीपीई निगम शासन मार्ग निर्देशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए।

4. निदेशक बोर्ड की अन्य समितियां

बोर्ड की निम्नलिखित दो अन्य समितियां हैं :

i) निगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) और भरणीयता समिति

कंपनी ने तारीख 15.03.2013 को (दिनांक 02.01.2016 को पुनर्गठित) पुनरीक्षित निगम सामाजिक दायित्व और भरणीयता तथा कंपनी (निगम सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार डीपीई मार्गनिर्देशों के अनुसरण में एक स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में एक बोर्ड स्तरीय निगम सामाजिक दायित्व और भरणीयता समिति का गठन किया है।

सघः स्थिति में समिति में निम्नलिखित सदस्य है।

1. डॉ. के. एस. राव, स्वतंत्र निदेशक–अध्यक्ष
2. श्री सुशांत बालिगा, स्वतंत्र निदेशक–सदस्य
3. श्री वीनू गोपाल, निदेशक (परियोजनाएं)–सदस्य

वर्ष 2015–16 के दौरान समिति ने दिनांक 21.08.2015, 29.09.2015 और 26.11.2015 को बैठकें की हैं।

उपस्थिति के ब्यौरे निम्नानुसार हैं –

नाम	क्रमशः उनकी पदावधि के दौरान आयोजित की गई बैठकों की संख्या	बैठकों की संख्या जिनमें भाग लिया गया
डा. के. एस. राव, स्वतंत्र निदेशक, अध्यक्ष	3	3
श्री वीनू गोपाल, निदेशक, (परियोजनाएं)	3	3
श्री सुशांत बालिगा, स्वतंत्र निदेशक, सदस्य#	0	0
श्री ए.वी.वी. कृष्णन, निदेशक (वित्त), सदस्य*	3	3

2 जनवरी 2016 से सदस्य * 30 नवंबर 2015 तक सदस्य (पदत्याग)

कंपनी के निगम सामाजिक उत्तरदायित्व और भरणीयता एजेंडा के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करने के लिए नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यकारियों के एक दल का भी गठन किया गया है।

कंपनी द्वारा निगम सामाजिक उत्तरदायित्व और भरणीयता पहलों के अधीन हाथ में लिए गए कार्यकलापों के ब्यौरे निदेशकों की रिपोर्ट के साथ निगम सामाजिक उत्तरदायित्व पर रिपोर्ट के अनुरूप में उपाबद्ध है।

ii) पारिश्रमिक समिति

निदेशकों/ज्येष्ठ प्रबंधन की नियुक्ति के निबंधन और शर्तें सरकारी मार्गदर्शक सिद्धांतों/डीपीई मार्गदर्शक सिद्धांतों द्वारा शासित होती हैं।

पारिश्रमिक समिति का गठन कंपनी अधिनियम की धारा 178 और निगम शासन पर डीपीई मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार वार्षिक बोनस/परिवर्तनशील वेतन पूल और कार्यकारियों को तथा ऐसे पर्यवेक्षकों को जो किसी संगम में नहीं हैं को उसके वितरण का विनिश्चय करने के लिए किया गया है।

समिति का तारीख 15.01.2016 को निम्नलिखित सदस्यों के साथ पुनर्गठन किया गया है :

1. श्रीमती अनीता चौधरी, स्वतंत्र निदेशक – अध्यक्ष
